


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 241/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 17 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## पत्रकारों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार होगी

पुलिस कस्टडी के बीच अतीक अहमद पर हमला करने वाले तीनों युवक मीडियाकर्मी बनकर भीड़ में शामिल हुए थे। ऐसे में अब पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गृह मंत्रालय एसओपी तैयार करेगा. पत्रकारों को सुरक्षा देने के लिए ये कदम उठाया जा रहा है. मानक संचालन प्रक्रिया एक दस्तावेज है जो जांच की गुणवत्ता के लिए प्रासंगिक नियमित रूप से आवर्ती संचालन का वर्णन करता है। एसओपी का उद्देश्य संचालन को सही ढंग से और हमेशा उसी तरीके से करना है।



सूत्रों का कहना है कि, गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने वाला है. मीडिया से बातचीत के दौरान पत्रकार बनकर आए तीन लोगों ने दोनों भाइयों की उस वक्त गोली मार कर हत्या कर दी थी, जब पुलिसकर्मी उन्हें जांच के लिए यहां एक मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे।

### पूछताछ में क्या बोले आरोपी

एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने कहा कि वह लोग अतीक-अशरफ गैंग का सफाया करना चाहते थे, जिससे प्रदेश में उनका नाम होता. वह लोग पुलिस के घेरे का अनुमान नहीं लगा पाए और पुलिस की तेज कारवाई से पकड़े गए. वह अतीक और अशरण को कई दिनों से मारने की फिराक में थे, लेकिन सही समय या मौका नहीं मिला पा रहा था।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

प्रयागराज में इस वक्त सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है. चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है और दुकानों के शटर डाउन करा दिए गए हैं. पुलिस हर हरकत पर नजर बनाए हुए है. सीएम योगी की तरफ से पुलिस को कड़ी निगरानी के निर्देश मिले हैं. बीते दिन देर रात तक राज्य में बैठकों का दौर जारी रहा था।

## दिल्ली कैपिटल्स की खिलाड़ी ने अपनी बेस्ट फ्रेंड से रचाई शादी

ऑस्ट्रेलिया की बेहतरीन ऑलराउंडर जेस जोनासन कोविड में शादी नहीं कर पाई अब ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेस जोनासन और सारा गुडरहम शादी के बंधन में बंध गए। साल 2018 में ही दोनों ने सगाई की थी। उन्होंने हालांकि अपना सपना पूरा कर लिया है.जेस ने छह अप्रैल को अपनी दोस्त साराह वेरन से शादी की. जेस ने शुक्रवार को ट्विटर के माध्यम से इस बात की जानकारी दी।

इन दोनों ने मैजिक आइलैंड पर छह अप्रैल को शादी रचाई. जेस ने शादी की फोटो ट्वीट करते हुए लिखा कि वह तीसरी बार भाग्यशाली रहीं और अंततः अपने बेस्ट फ्रेंड से उनकी शादी हो गई. उन्होंने लिखा कि छह अप्रैल की तारीख हमेशा उनके करीब रहेगी।

**2020 में टल गई थी शादी-** इन दोनों ने साल 2020 में शादी करने का सोचा था लेकिन कोविड के कारण उन्होंने शादी को टाल दिया. ये दोनों लंबे समय से शादी की तैयारी कर रहे थे.दोनों ने सितंबर 2018 में एक साथ मिलकर घर भी खरीदा था. 2020 के बाद भी इन दोनों ने शादी करने की सोची लेकिन नहीं कर पाए. इस साल आखिरकार ये दोनों शादी के बंधन में बंध गए।



जेस बाएं हाथ की स्पिनर हैं और ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की अहम सदस्य हैं. वह तकरीबन एक दशक से टीम के साथ हैं.वह 2020 में टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थीं. इसके अलावा वह 2022 में वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थीं।

### दिल्ली को पहुंचाया फाइनल में

30 साल की जेस हाल ही में भारत में खेली गई विमंस प्रीमियर लीग का हिस्सा थीं. वह इस लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेली थीं. दिल्ली की टीम फाइनल में पहुंची थी. फाइनल में हालांकि टीम को हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था।

### ऑलराउंडर जेस जोनासन

जेस अब जून-जुलाई में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ इंग्लैंड के दौर पर जाएंगी जहां वह एशेज सीरीज में हिस्सा लेंगी. दोनों टीमों के बीच एक मात्र टेस्ट 22 जून से शुरू होगा. वहीं टी20 सीरीज एक जुलाई से शुरू होगी. फिर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी।

## 19 साल की नंदिनी गुप्ता को सिनी शेट्टी ने ताज पहनाया

फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का आयोजन शनिवार को किया गया।नंदिनी को पिछले साल की मिस इंडिया रही सिनी शेट्टी ने ताज पहनाया। वहीं, दिल्ली की श्रेया पूंजा फर्स्ट रनर अप रहीं और मणिपुर की स्ट्रेला थौना ओजम लुवांग सेकंड रनर अप बनी। बता दें कि इवेंट का आयोजन मणिपुर में किया गया। इस कॉन्टेस्ट में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आपको बता दें कि इस बार का फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का क्राउन अपने नाम करने वाली नंदिनी राजस्थान के कोटा की रहने वाली हैं और उन्होंने यहां तक पहुंचने में काफी मेहनत की।

भारत की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के 59वें एडिशन का आयोजन इंडोर स्टेडियम खुमान लंपक, इम्फाल, मणिपुर में किया गया। सीजन के ग्रैंड फिनाले में कई बॉलीलुड स्टार्स भी शामिल हुए। इस मौके पर अनन्या पांडे, कार्तिक आर्यन लेकर भूमि पेडनेकर तक स्पॉट हुए। पूर्व विजेताओं जैसे सिनी शेट्टी, रुबल शेखावत, शिनाता



चौहान, मनासा वाराणसी, मनिका श्योकंद, मान्या सिंह, सुमन राव और शिवानी जाधव द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी गई, जिन्होंने मोहे के बेहद सुंदर और बारीक ढंग से तैयार किए गए लहंगों को पहन रैम्प वॉक दिया। कोटा, राजस्थान की रहने वाली नंदिनी गुप्ता लाला लाजपत राय कॉलेज से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रही हैं। उन्हें मॉडलिंग का बेहद शौक है।

## अतीक की हत्या पर तीन ऐक्ट्रेस की प्रतिक्रिया सामने आई



अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की बीती रात 3 हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस पर स्वरा भास्कर और अन्य ऐक्ट्रेस का भी मिला  जुला रिएक्शन सामने आया है।अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बता दें मेडिकल चेकअप के लिए अतीक और उसके भाई अशरफ को पुलिस कॉल्विन अस्पताल ले जा रही थी। तभी हॉस्पिटल के बाहर 3 हमलावरों ने पुलिस के होते हुए फायरिंग कर दी। इस बात की कुछ लोगों को खुशी है तो वही कुछ लोग इसकी कड़ी निदा कर रहे हैं। इसी बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने भी सरकार पर हमला बोला है और इस हत्या की निंदा की है।

### एनकाउंटर कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसका जश्न मनाया जाए- स्वरा भास्कर

स्वरा ने ट्वीट कर लिखा, एक एक्स्ट्रा जुडिशियल किलिंग या फिर एनकाउंटर कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसका जश्न मनाया जाए। यह सिग्नल देता है कि राज्य नियम के खिलाफ काम कर रहा है। यह सिग्नल देता है कि राज्य की एजेंसियों की क्रेडिबिलिटी खत्म हो गई है, क्योंकि वे क्रिमिनल्स की तरह काम कर रहे हैं या उन्हें सक्षम कर रहे हैं। यह मजबूत शासन नहीं है, यह अराजकता है।



### कंगना रनौत ने ट्वीट कर सीएम योगी की तारीफ की

बॉलीवुड की बिंदास गर्ल कंगना रनौत ने भी अपना रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस कंगना रनौत ने ट्वीट किया है। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा है मेरे भैया योगी आदित्यनाथ जैसा कोई नहीं। कंगना ने भी सीएम योगी की तारीफ में ट्वीट कर लिखा- 'मेरे भैया योगी आदित्यनाथ जैसा कोई नहीं।' इसके साथ ही उन्होंने खुशी जाहिर करने वाली और हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी शेयर की है। साथ ही कंगना ने इस वीडियो में लिखा है अगर तुम बुरे हो तो मैं तुम्हारा पिता हूं। बता दें गुरुवार को उमेश हत्याकांड के आरोपी असद और गुलाम झांसी आए थे।



### मीरा चोपड़ा का पोस्ट, योगी आदित्यनाथ को बताया रॉकस्टार

माफिया अतीक अहमद की हत्या के बाद अब बॉलीवुड एक्ट्रेस मीरा चोपड़ा ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए एक ट्वीट किया है। मीरा चोपड़ा बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं, जो सिर्फ अपनी एक्टिंग नहीं, बल्कि बयानों के चलते भी सुर्खियां बटोर लेती हैं. मीरा ने अब हालिया घटना पर सीएम योगी को लेकर ट्वीट किया. मीरा ने ट्विटर हैंडल पर लिखा, सीएम योगी आदित्यनाथ एक रॉकस्टार हैं. इसके अलावा मीरा ने हैशटैग अतीक अहमद भी लिखा है. इससे साफ है कि वह अतीक अहमद हत्या केस के बारे में बात कर रही हैं।





### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में किया पौधरोपण

**भोपाल।** नर्मदापुरम/मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अन्तर्गत चूरना जोन में पौधरोपण किया। उन्होंने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बरगद ,आम और पीपल के पौधे लगाए। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एल कृष्णमूर्ति सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

## वाराणसी में आज से जी20 सम्मेलन का आगाज, भारत समेत 20 देशों में कृषि के विकास का नया रोडमैप होगा तैयार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आज से तीन दिवसीय त्न-20 सम्मेलन का आगाज होगा। यह सम्मेलन 17 से 19 अप्रैल तक आयोजित होगा, जिसमें कृषि, कृषि शिक्षा, अनुसंधान आदि मुद्दों पर सभी देशों के कृषि वैज्ञानिक मंथन करेंगे। यहां भारत समेत दुनिया के 20 विकासशील देशों में वैश्विक कृषि के विकास का नया रोडमैप तैयार होगा। सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। काशी के चौराहों और सड़कों को दुल्हन की तरह सजाया गया है और काशी दुनिया के 20 दिग्गज देशों से आने वाले अतिथियों के स्वागत के लिए तैयार है। बता दें कि, नदेसर स्थित तारांकित होटल में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक व सचिव संजय ने बताया कि सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन व वैश्विक व्यापार संगठन सहित कृषि के क्षेत्र में काम करने वाली कई संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।




## सड़क दुर्घटना में संत कनक बिहार की मौत

**छिंदवाड़ा।** सोमवार को सागर नरसिंहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर हुए सड़क हादसे में ख्यात संत कनक बिहारी महाराज और उनके एक शिष्य विश्राम रघुवंशी की मौत हो गई जबकि एक शिष्य रूपदयाल घायल हो गया। बाद में रूपदयाल की भी मौत होने की सूचना मिली है।

संत अपने वाहन से अशोकनगर से छिंदवाड़ा जाने निकले थे। हाइवे पर बरमान चौकी के तहत आने वाले ग्राम सगरी के पास उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे संत और शिष्य विश्राम की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है की किसी वाहन को बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ है। संत





कनकबिहारी रघुवंशी समाज के गुरु हैं। घटना की सूचना लगते ही जिले भर से रघुवंशी समाज के लोग बरमान पहुंचने लगे हैं।

संत कनक बिहार कनक बिहारी महाराज ने अयोध्या श्रीराम मंदिर निर्माण में रघुवंशी समाज से एकत्र कर 111 करोड़ रुपये दान करने का संकल्प लिया था। साथ ही फरवरी 2024 में अयोध्या में श्रीराम यज्ञ 9009 कुंडीय करने का संकल्प था जिसमे सभी यजमान रघुवंशी समाज से होने का प्रस्ताव समाज के मध्य रखा था। उनका जन्म विदिशा जिले के नटेरन तहसील के खैराई गांव में हुआ था। जन्मस्थान पर सबसे बड़ा आश्रम है। वहीं लोनी कलां छिंदवाड़ा में भी आश्रम है।

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया



मुख्यमंत्री ने संतजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा- नरसिंहपुर जिले के बरमान में हुई सड़क दुर्घटना में रघुवंश शिरोमणि श्री श्री 1008 संत श्री कनक बिहारी दास जी महाराज के देवलोक गमन से धर्म और अध्यात्म जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। भगवान श्रीराम से दिव्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। ओम शांति।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने जताया शोक



एक सड़क दुर्घटना में परम श्रद्धेय संत यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 श्री कनक बिहारी महाराज का स्वर्गवास होने का दुख समाचार प्राप्त हुआ। गुरु जी का देवलोक गमन उनके समस्त शिष्यों और भक्तों के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर महाराज जी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके भक्तों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जन अधिकार एवं रघुवंशी समाज के संदीप रघुवंशी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए बतायाकि लोनी बर्रा धाम के के लोग उन्हें लेने गए हैं।

## कांग्रेस सरकार बनी तो सेन आयोग का गठन करेंगे: कमलनाथ

### भोपाल में कांग्रेस वचन पत्र समिति की बैठक हुई



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने घोषणा करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी तो सेन आयोग का गठन किया जाएगा। सेन महाराज के जन्मस्थल बांधवगढ़ में उनका स्मारक बनाया जाएगा। उन्होंने भोपाल के पीएनटी चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की।

पूर्व सीएम कमलनाथ औद दिग्विजय सिंह आज पीएनटी चौराहे पर सेन महाराज की जयंती पर हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। सेन महाराज की प्रतिमा पर कमलनाथ ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, कांग्रेस पार्षद सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वचन पत्र समिति की बैठक

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के आवास पर आज विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस के वचन पत्र समिति की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता कमलनाथ ने की। बैठक में वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह,सुरेश पचौरी, डॉक्टर गोविंद सिंह, मुकेश नायक, बाला बच्चन, सज्जन



वर्मा, तरुण भनोट, सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। वचन पत्र को अंतिम स्वरूप दिए जाने की प्रक्रिया पर बातचीत हुई, दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस का वचन पत्र विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होगा। पार्टी द्वारा प्रदेश के साथ ही हर जिले के लिए अलग से वचन पत्र बनाया जा रहा है। वचन पत्र में किसान कर्ज माफी, महिलाओं को 1500 रुपए महीने भत्ता, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और सस्ती बिजली जैसे प्रस्ताव शामिल हो सकते हैं।

## राहुल गांधी बोले-ओबीसी जनगणना के आंकड़े जारी करें पीएम

**बेंगलुरू।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अगर हम देश में ओबीसी को आगे ले जाना चाहते हैं और उन्हें उनका अधिकार देना चाहते हैं, तो पहला कदम प्रधानमंत्री के लिए ओबीसी जनगणना के आंकड़े जारी करना होगा। पीएम ऐसा कभी नहीं करेंगे क्योंकि वह ओबीसी का कल्याण नहीं चाहते। कांग्रेस मौका मिलते ही ऐसा करेगी। आप कर्नाटक में भाजपा को अच्छी तरह से जानते हैं। ÷40त्न कमीशन सरकार÷ का नारा मैंने नहीं गढ़ा था, यह आप लोगों ने दिया था - कर्नाटक के लोगों ने। लेकिन बीजेपी पर बोलने से पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार क्या करेगी-भालकी, बीदर में राहुल गांधी।



## खड़गे की पीएम को चिट्ठी-जाति आधारित जनगणना तुरंत कराएं

**नई दिल्ली।** देश में जातीय जनगणना कराने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। पत्र में खड़गे ने देश में 2021 की जनगणना जल्द से जल्द कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि जनगणना जाति आधारित हो। इससे सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी।



बता दें कि रविवार को ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पीएम मोदी से 2011 की जाति आधारित जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आज सोशल मीडिया पर खड़गे की चिट्ठी साझा की है। उन्होंने लिखा कि अब जितनी आबादी उतना हक सभी को मिलना चाहिए।

## पंजाब-हरियाणा, बिहार समेत 6 राज्यों में लू का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने इस सप्ताह के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों के दौरान बिहार, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तटीय आंध्र प्रदेश में लू की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पांचों राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



विभाग के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा में सोमवार और मंगलवार को भीषण लू का प्रकोप रहेगा। बिहार, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में अगले चार-पांच दिन गर्मी झुलसाएगी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के सारे स्कूल-कॉलेज शनिवार तक बंद रखने का निर्देश दिया है।

इसके अलावा मौसम विभाग ने पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों में ताजा बारिश की भविष्यवाणी की है। जम्मू कश्मीर, लद्दाख में मंगलवार और हिमाचल प्रदेश में 18 और 19 अप्रैल को बारिश की आशंका जताई है। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को बारिश हो सकती है।

## कोरोना का कहर, 24 घंटे में 24 मरीजों की मौत, 9111 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना का संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है और इसके साथ बढ़ता जा रहा है मौतों का आंकड़ा। सोमवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश भर में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 9111 नए केस दर्ज किए हैं। इस दौरान कोरोना संक्रमण से 24 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 60,313 हो गई है। अगर रिकवरी की बात की जाए, तो एक दिन में 6,313 संक्रमित मरीज ठीक हुए हैं। वहीं मरनेवालों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,141 पहुंच गई है। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में हालात और खराब हो सकते हैं। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान गुजरात में 6, उत्तर प्रदेश में 4, दिल्ली और राजस्थान में 3-3, महाराष्ट्र में 2 और बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हुई है।



### बढ़ी संक्रमण दर

आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 8.40 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.78 फीसदी दर्ज की गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.68 फीसदी है। देश में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.13 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

# मुख्यमंत्री ने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय के नवनिर्मित छात्रावास का वर्च्युअल किया लोकार्पण



## महापौरमालती राय एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने कन्या पूजन कर किया शिलालेख का अनावरण

**भोपाल।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेड़कर की 132वी जयन्ती के अवसर पर कटारा हिल्स स्थित ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में नवनिर्मित 250 सीटर बालक छात्रावास का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर से वर्च्युअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री चौहान ग्वालियर में डॉ.भीमराव अम्बेड़कर जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित अम्बेड़कर महाकुंभ में सम्मिलित हुए थे वहीं से इस नवनिर्मित छात्रावास का वर्च्युअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महापौर श्रीमती मालती राय एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने कन्या पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड क्र. 85 की पार्षद रूमा राजपूत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# नगर निगम अध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## बिजासन नगर सहित वार्ड 28 के विभिन्न क्षेत्रों को मिली विकास की सौगात

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बिजासन नगर सहित वार्ड क्र. 28 के नागरिकों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली है। नगर निगम अध्यक्ष ने लगभग 39 लाख रुपये की लागत से होने वाले नाला निर्माण, बाउंड्रीवाल एवं सीमेंट क्रांकीट सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने रविवार को बिजासन नगर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है साथ ही आम नागरिकों के कल्याण हेतु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना जैसी अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है जिसका लाभ प्रदेश के लाखों लोग ले रहे है। हाल ही में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के आवेदन फार्म भरे जा रहे है जिससे निश्चित ही प्रदेश की हमारी बहने लाभान्वित होंगी। श्री सूर्यवंशी ने लाडली बहना योजना के आवेदकों से भी कहा कि वह आवेदन करते समय संयम से काम लें सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिलेगा। श्री सूर्यवंशी ने बिजासन नगर को शहर की सबसे साफ-स्वच्छ बस्ती निरूपित करते हुए यहां के निवासियों के आचरण एवं स्वच्छता के प्रति लगाव एवं अपनत्व की भावना की सराहना की। श्री सूर्यवंशी ने स्थानीय नागरिकों द्वारा सीवेज की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने पर मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को सीवेज की समस्या के निराकरण हेतु निर्देशित भी किया। श्री सूर्यवंशी ने बिजासन नगर में नाला निर्माण, सीमेंट क्रांकीट सड़क, बाउंड्रीवाल, पुलिया, पैविंग ब्लॉक सहित अन्य कार्य हेतु भूमिपूजन किया। उपरोक्त कार्यों पर लगभग 39 लाख रुपये की लागत आएगी। इससे पहले स्थानीय नागरिकों ने किशन सूर्यवंशी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत भी किया और विकास कार्यों हेतु कृतज्ञता भी व्यक्त की। इस अवसर पर डिम्पल श्रीवास्तव, नंदकिशोर केलकर, विनोद पाल, हेमलता गुप्ता, दिनेश डोंगरे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व निगम अधिकारी मौजूद थे।





**भोपाल।** 51000 हज़ार हनुमान चालीसा पाठ संकल्प के अंतर्गत श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन सागर प्रीमियम टावर फेज 1 सिग्नेचर रेसीडेंसी के सामने मंदाकिनी कोलार में किया गया।

# प्रदेश से 200 टन महुआ 110 रूपये प्रति किलो की दर से लंदन होगा निर्यात

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वन विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ की प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों से प्रदेश से 200 टन महुआ 110 रूपये प्रति किलो के भाव से लंदन निर्यात किए जाने का अनुबंध हुआ है। यह अनुबंध पिछले साल के अंत में 9वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेला में लंदन की रूस्‍ ह-स्नशह्रद्दह्यह्र की भारतीय इकाई मधुवन्या के साथ हुआ। राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक श्री पुष्कर सिंह ने बताया कि महुआ से पृथक से तीन गुना मुनाफा प्राप्त होगा। अनुबंधित महुआ की आपूर्ति वर्ष 2023 में की जाएगी। इसके लिए उमरिया, अलीराजपुर, नर्मदापुरम, सीहोर, सीधी और खण्डवा जिला यूनियन के साथ एग्रीमेंट साइन किए जा रहे है। नर्मदापुरम के सहेली वन धन विकास केन्द्र द्वारा पिछले वर्ष 18 क्विंटल खाद्य ग्रेड महुआ लंदन निर्यात किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि वनमंडल में महुआ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 35 रूपये प्रति किलो है। लघु वनोपज की इस अद्भुत पहल से 35 रूपये प्रति किलो का महुआ 110 रूपये प्रति किलो की दर से निर्यात किया जाएगा।

**खाद्य ग्रेड महुआ नेट के माध्यम से संग्रहीत:** लघु वनोपज संघ द्वारा खाद्य ग्रेड महुआ को नेट के माध्यम से संग्रहीत कराया जाएगा। इसके लिए संग्राहकों को प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया है। संग्राहकों को नेट वितरण जिला यूनियन से होगा। इस विधि से संग्रहीत महुआ का फूल मिट्टी और खरवतवार रहित होते है। इससे गुणवत्ता पूर्ण महुआ संग्रहण करने से बाजार में उनकी खासी कीमत प्राप्त होती है।

## कलचुरी समाज भवन का लोकार्पण

**भोपाल।** राजधानी के सुभाष नगर में कलचुरी समाज जिला उमरिया के भवन का लोकार्पण भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाहा के द्वारा किया गया कलचुरी समाज के डॉक्टर संजय राय ने बताया की कलचुरी समाज के प्रति अपने दायित्व को समझते हुए उनके द्वारा प्रयास किया गया डॉ संजय राय ने कहा कि समाज के लिए जो भी और जितना भी उनके द्वारा बन सकेगा वह करेंगे और वह विगत 20 वर्षों से सतत समाज की सेवा कर रहे।

## शिव मंदिर गौतम नगर में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन



**भोपाल।** गौतम नगर स्थित शिव मंदिर पर सात दिवसीय कथा के भागवत कथा के अवसर पर आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई कथा के मुख्य जजमान धीरज यादव ने बताया कि पंडित भगवती प्रसाद दुबे के मुखारविंद से सात दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है यह कथा 16 से 22 अप्रैल तक होगी। 22 अप्रैल को कथा समापन अवसर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा धीरज यादव ने बताया कि गौतम नगर स्थित शिव मंदिर एक सिद्ध स्थल है यहां पर जीनगर समाज द्वारा रामदेवरा बाबा का स्थान भी बनाया गया है।

# सेंट जोसफ को-एड ग्राउंड में ईस्टर महोत्सव मनाया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अरेरा कॉलोनी स्थित सेंट जोसफ को-एड ग्राउंड में बड़ी सभा को संबोधित करते हुए आर्चबिशप ने कहा, अगर ईसा मसीह को कब्र से पुनर्जीवित नहीं किया गया होता तो दुनिया में ईसाई धर्म कभी अस्तित्व में नहीं होता। हम इस सत्य के साक्षी हैं क्योंकि हम यहां येसु के नाम पर एकत्रित हुए हैं क्योंकि वे जीवित हैं और हम पुनरुत्थान के लोग हैं। हमने पुनर्जीवित मसीह के कारण संसार की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उन्होंने लोगों से दुनिया को प्रभु का साक्ष्य देने के लिए जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए कहा।

आगे उन्होंने कहा ईस्टर का मतलब समझ , विश्वास, प्यार, लोगों की सेवा , आनंदित लोग और जीवंत बनने के लिए ईश्वर की सेवा करने के बारे में है। भव्य कार्यक्रम की शुरुआत क्राइस्ट चर्च के रेव बिशप सीपी सिंह द्वारा प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। उसके बाद हमारे देश के सम्मान में राष्ट्रगान गाया गया। प्रदीप लूथर ने ईस्टर की शुभकामनाओं के साथ सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। महोत्सव के आकर्षण का केंद्र पिलर माता समाज, शांति नगर द्वारा फादर एलेन एवेरेस एसएफएक्स द्वारा निर्देशित एक रचनात्मक नाटक, नृत्य और आकर्षक ध्वनि और प्रकाश के साथ नाटक प्रस्तुत किया गया । जिसे



ईस्टर समिति द्वारा निर्मित किया गया था । बाद में इन्फैंट जीसस चर्च, सेंट फ्रांसिस चर्च, क्राइस्ट चर्च, असम्पशन चर्च, ईएलसी चर्च, इमैनुएल चर्च और क्राइस्ट फेलोशिप चर्च द्वारा अलग-अलग समूह द्वारा मधुर गीत प्रस्तुत किए गए। सीएनआई बेथलहम चर्च व न्यू लाइफ मिशन चर्च की ओर से आकर्षक नाटक व सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी प्रदर्शनों को खूब सराहा गया। फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने इस मेगा इवेंट को बहुत यादगार बनाने के लिए सभी मेहमानों, स्वयंसेवकों, सहयोगियों, समर्थकों और आम लोगों को धन्यवाद दिया। पास्टर अनिल मार्टिन ने आशीर्वाद की प्रार्थना की। मंच संचालक श्रीमती डॉ. शीबा थॉमस और डॉ. शिबानी बसु की विशेष प्रशंसा और सराहना की गई। कार्यक्रम से पहले और बाद में अलग-अलग चर्चों की गायन समूह ने अपनी रचनात्मकता और मधुर गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के दौरान प्रस्तुत किए गए स्वादिष्ट व्यंजनों व आकर्षक खेलों का बच्चों, युवाओं व युवाओं ने लुत्फ उठाया।

फादर मारिया स्टीफ़न पीआरओ ने इस मेगा इवेंट के लिए चर्च के सभी नेताओं के ईमानदारी से सहयोग और समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि पुनर्जीवित मसीह की सच्ची गवाही देने के लिए विश्वास के समुदाय का निर्माण करने के लिए एक साथ कार्य करना प्रेरणादायक था।

यह सभी परिवारों, शुभचिंतकों और दोस्तों के लिए एक दिलकश और मस्ती भरी शाम थी। पांच हजार लोग विभिन्न ईसाई संप्रदायों, कैथोलिक और अन्य धर्मों के लोग ईस्टर महोत्सव मनाने के लिए एक साथ आए।

## हाईटेक हायर सेकेंडरी स्कूल अरवलिया द्वारा बेहतर शिक्षा देने का प्रयास

**भोपाल।** हाईटेक स्कूल ग्राम परवलिया में स्कूल बेहतर प्रयास कर रहा है स्कूल के पास स्वयं का तीन मंजिल भवन है एवं प्लेग्राउंड भी उपलब्ध है हाईटेक स्कूल अरवलिया ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रयास के लिए अनूठा स्थान रखता है हाईटेक स्कूल के संचालक रोहित साहू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र होने से शिक्षा के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के अच्छे परिणाम मिलते हैं उनके द्वारा कोशिश रहती है कि पैसे के अभाव में कोई प्रतिभाशाली छात्र शिक्षा से वंचित ना रहे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना चाहते हैं इसलिए उनके द्वारा इस स्मार्ट क्लासेस की अवधारणा को यहां पर लागू किया गया है बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है एवं फीस कंसेशन भी दिया जाता है उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को छात्र छात्राओं के अभिभावक भी



# एकलव्य शिक्षा विकास योजना तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों के लिए उपयोगी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एकलव्य शिक्षा विकास योजना' में वन क्षेत्रों में निवासरत तेन्दूपत्ता संग्राहकों के होनहार बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों में प्रवेश और उनके शिक्षा व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है। एकलव्य शिक्षा विकास योजना में तेन्दूपत्ता संग्राहक के लिए यह जरूरी है कि पिछले 5 वर्ष में से कम से कम तीन वर्षों में न्यूनतम एक मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया हो।

फड़ मुंशी और समिति प्रबंधक द्वारा कम से कम तीन वर्षों में तेन्दूपत्ता सीजन में कार्य करने पर तेंदूपत्ता संग्राहक के बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता दी जाती है। बच्चों को योजना का लाभ लेने के लिए पिछली वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक लाना जरूरी है। इस सहायता योजना में व्यवसायिक कोर्स के विद्यार्थियों को वार्षिक 50 हजार रूपये दिए जाते हैं। गैर तकनीकी स्नातक विद्यार्थियों को 20 हजार रूपये, कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को 15 हजार रूपये और कक्षा 9वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को 12 हजार रूपये की वार्षिक सहायता दी जाती है ।

## बिजली बचाकर बिल नियंत्रित रखने की सलाह

**भोपाल।** गर्मी का मौसम आते ही जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, वैसे-वैसे आपका बिजली का बिल ना बढ़े,इसके लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाये हैं। ए.सी. के टेम्प्रेचर को 24 से 26 डिग्री के बीच सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर ए.सी. के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ए.सी. ज्यादा देर तक चलता है,इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और आपका बिल ज्यादा आता है।

## खरीफ फसल ऋण चुकाने की समय सीमा 30 तक

भोपाल । खरीफ फसल का ऋण चुकाने की समय अवधि 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। यह निर्णय किसानों के आग्रह पर लिया गया है। राज्य शासन द्वारा समय-सीमा में वृद्धि से 60 करोड़ रूपये का अतिरिक्त ब्याज भार आएगा, जिसका भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रभावित किसानों के फसल बीमा योजना के प्रकरण बन जाएँ और किसानों को योजना का लाभ समय रहते मिले। प्रभावित किसानों से वसूली स्थगित करने का फैसला भी लिया गया है, उसका ब्याज भी राज्य शासन द्वारा भरा जाएगा। इससे किसानों को अगली फसल के लिए जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिल सकेगा।

# डंपर ने बाइक सवार देवर भाभी का रौंदा, मौत, युवती घायल

भोपाल। रातीबड़ के बरखेड़ी कलां में सोमवार सुबह बाइक सवार देवर - भाभी और भतीजी को एक तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया। इसमें देवर- भाभी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भतीजी की हालात नाजुक बनी हुई है, पुलिस ने हादसे के बाद मर्ग कायम कर डंपर को जब्त कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि हादसा मृतक परिवार के घर से करीब बीस मीटर दूर पर जाकर हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई, लोगों ने हंगामा मचाया और पुलिस प्रशासन से स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की।

रातीबड़ थाने के एएसआइ केपी मिश्रा के मुताबिक धनसिंह धानक (37) नीलबड़ में बरखेड़ी कलां में रहते है और निजी काम करते थे।सोमवार सुबह वह अपनी 45 वर्षीय भाभी पूजा उर्फ पुष्पा बाई पत्नी नारायण सिंह धानक और 19 वर्षीय भतीजी के साथ घर से भाभी और भतीजी को छोड़ने निकला था। उसकी भाभी और भतीजी एक कॉलेज में काम करती थी। घर से 20 मीटर दूरी पर ही सड़क पार करने के लिए कट प्वाइंट की तरफ जा रहे थे, वह कट प्वाइंट पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनको सामने से टक्कर मार दी। इससे धन सिंह और पुष्पा की मौके पर दम तोड़ दिया। जबकि युवती की हालत गंभीर बनी हुई है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया हुआ है।विवेचना अधिकारी एएसआइ करोड़पति मिश्रा ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद चालक डंपर लेकर मौके से भाग गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने डंपर को कुछ किलोमीटर दूर से पीछा कर पकड़ा है। डंपर का टायर फट गया, जिससे वह रुक गया था, इस दौरा डंपर का चालक मौके पर डंपर को छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने डंपर जब्त कर जांच शुरू कर दी है । वहीं मर्ग कायम कर दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।




# पंच क्रांति के जरिए प्रदेश सरकार करेगी समाज के सभी वर्गों का कल्याण: शिवराज सिंह



## मुख्यमंत्री ने 61 करोड 33 लाख लागत के छात्रावास भवनों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर में अम्बेडकर महाकुंभ में कहा कि इस सुअवसर पर हम प्रदेश के विकास और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये पंच क्रांति की बात करने आए हैं। पंच क्रांति में शिक्षा की क्रांति, रोजगार की क्रांति, आवास अर्थात रहने के लिये जमीन की क्रांति एवं सभी वर्गों के सम्मान की क्रांति शामिल है। उन्होंने ग्वालियर में बाबा साहब अम्बेडकर धाम और संस्थान स्थापित करने के लिये स्थल उपलब्ध कराने और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के उद्देश्य से समस्त पिछड़ी उप जातियों के अलग-अलग बोर्ड बनाने की घोषणाएँ कीं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित रहोगे तो आगे बढ़ोगे। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार ने शिक्षा की क्रांति के तहत श्रमोदय विद्यालय और ज्ञानोदय जैसे विद्यालय खोले हैं। छात्रावासों की स्थापना की है। साथ ही यदि किसी बच्चे को छात्रावास उपलब्ध नहीं हो पाता तो कमरे का किराया भी सरकार भर रही है। मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे पाठ्यक्रमों और विदेश में पढ़ाई की फीस भी सरकार भर रही है। प्रदेश में अब हिंदी में भी मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की गई है। कायाकल्प अभियान में छात्रावासों की व्यवस्था बेहतर की जा रही है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में दूसरी क्रांति रोजगार की क्रांति के रूप में चल रही है। प्रदेश में एक लाख 24 हजार पदों पर शासकीय भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को संत रविदास स्व-रोजगार योजना में एक लाख से 50 लाख एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से एक लाख रूपए तक का ऋण-अनुदान उपलब्ध करा रही है। पढ़े-लिखे बच्चों को अलग-अलग औद्योगिक सेक्टर का काम सिखाने के साथ-साथ हर बच्चे को 8 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय भी दे रही है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में तीसरी क्रांति आवास अर्थात रहने के लिये जमीन की क्रांति है। गरीब व्यक्ति के लिए रहने के लिए भूमि और आवास की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना में सरकार द्वारा हर गरीब परिवार को रहने के लिए भूखंड का पट्टा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बहनों का सशक्तिकरण चौथी क्रांति है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, संबल योजना, पंचायत निर्वाचन में महिलाओं को आरक्षण, शिक्षकों और पुलिस की भर्ती में आरक्षण, रजिस्ट्री स्टांप शुल्क में छूट और अब लाड़ली बहना योजना से बहनों की जिंदगी में व्यापक बदलाव आया है। समाज में उनका सम्मान बढ़ा है और वे सशक्त और आत्मनिर्भर हो रही है। लाड़ली बहना योजना में आगामी 10 जून से बहनों के खाते में एक हजार रूपए पहुँचाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पाँचवीं क्रांति सब के सम्मान की क्रांति है। प्रदेश में समाज के हर वर्ग के सम्मान और प्रगति के लिए सामाजिक क्रांति चल रही है। उन्होंने घोषणा की कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये समस्त पिछड़ी उप जातियों के बोर्ड बनाए जायेंगे। हर बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य नियुक्त होंगे, जो अपने-अपने समाज की समस्याओं का पता लगाकर बतायेंगे। इस आधार पर सभी वर्गों के कल्याण के लिये नई योजनाएँ बनाई जायेंगी। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों का कल्याण और सामाजिक समरसता हमारे विकास का मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्म-स्थान, शिक्षा-स्थली, संविधान निर्माण-स्थल, दीक्षा-स्थल और अंतिम संस्कार स्थल को पंच-तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। साथ ही इन सभी को मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में भी शामिल किया गया है। महू में बाबा साहब के अनुयायियों को सुविधाएँ देने के लिए साढ़े तीन एकड़ भूमि पर धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। इन सब कार्यों का उद्देश्य है कि हम बाबा साहब के जीवन और जन-कल्याण के कार्यों को याद रखें और उनके बताए आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को धन्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सागर में 100 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास मंदिर बनाने का निर्णय लिया है। मंदिर में संत शिरोमणि रविदास के जीवन चरित्र को रेखांकित किया जाएगा, जिससे हम सभी प्रेरणा प्राप्त कर सकें।



भोपाल। राजधानी में सोमवार की सुनहरी सुबह का नजारा कुछ इस तरह रहा। **छायांकन: जगदीश कौशल भोपाल**

# सांची बौद्ध विवि : भ्रष्टाचार में फंसी कुलपति नीरजा गुप्ता, मुख्यमंत्री को शिकायत

## प्रधानमंत्री, राज्यपाल और संस्कृति मंत्री से कुलपति के पद पर अपात्र की नियुक्ति की शिकायत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालित साँची बौद्ध विश्वविद्यालय में कुलपति के तौर पर कम योग्यता वाले प्रोफेसर को नियुक्त करने पर मुख्यमंत्री, संस्कृति, शिक्षा मंत्री और राज्यपाल सहित अन्य से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता सेवाराम भारती के अनुसार दो वर्ष पहले प्रो. नीरजा गुप्ता को साँची बौद्ध विवि का कुलपति नियुक्त किया गया था। इससे पहले ये अहमदाबाद के प्रवेट कॉलेज भवन सेठ कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों के तहत विवि में कुलपति पद पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवार के पास प्रोफेसर के तौर पर 10 साल का अनुभव और वेतनमान होना जरूरी है। वहीं कुलपति नीरज गुप्ता की जो पुस्तकें प्रकाशित हुई है उनमें अधिकांश पुस्तकें कॉपी पेस्ट करके तैयार की गई हैं।

**कुलपति पर भ्रष्टाचार के आरोप:** मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में साँची विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता द्वारा किये गए भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की गई हैं। इनके कार्यकाल में हुए निर्माण कार्य, पुस्तक और एग्जाम पेपर खरीद, बिल क्लीयरेंस समेत अन्य मामलों में अनियमितता और रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। कुलपति पर आरोप है कि अस्थाई कर्मचारियों की नियुक्तियों में भी भरी अनियमितता बरती गई है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरुद्ध कुलपति की नियुक्ति:** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति वी वि नागरत्ना की पीठ ने मार्च 2022 में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर हुई नियुक्ति को रद्द करते हुए यह फैसला दिया था कि यूजीसी के मानदंड एकदम स्पष्ट है जिसके तहत उम्मीदवार को किसी विश्वविद्यालय में कम से कम 10 वर्ष का प्रोफ़ेसर के रूप में अनुभव होना जरुरी है। इसके अलावा प्रोफ़ेसर के पास रिसर्च प्रोजेक्ट का अनुभव/पीएचडी कराने का अनुभव/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेपर प्रकाशन आदि की योग्यता भी होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सामान्य रूप से पूरे मध्य प्रदेश सहित देश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति के सन्दर्भ में मिसाल है।




भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह जानकारी सुबद्रा आर्ट गैलरी के चेयरमैन एलएन मालवीय ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से दी।



भोपाल। रावजी बाजार से शहर के मध्य में निकली विशाल आंबेडकर यात्रा के अवसर पर अतिथि श्री गोविन्द मालू का आर. पी. आई. कार्यकर्ताओं ने स्वप्निल तायड़े के नेतृत्व में स्वागत किया। श्री मालू ने यात्रा में शामिल होकर उत्साह वर्धन किया। अनेक मंचो से उनका और यात्रा का स्वागत किया।

# होलिस्टिक हेल्थकेयर पर कार्यशाला का आयोजन 21 को



**भोपाल।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से विंध्या शिक्षा एवं प्रचार समिति भोपाल द्वारा 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक होलिस्टिक हेल्थकेयर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल में किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विंध्या शिक्षा एवं प्रचार समिति भोपाल की अध्यक्ष डॉ आरएच लता ने बताया कि पिछले दो-ढाई वर्ष में दुनिया भयानक महामारी के दौर से गुजरी है। यदि वैज्ञानिक और चिकित्सक न होते तो क्या हालत होती। डॉ लता ने कहा कि समान रूप से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता जरूरी है। कोविड-19 की त्रासदी के अनुभव ने यह सिद्ध किया है कि चिकित्सा की कोई भी प्रणाली सभी स्वास्थ्य चिंताओं को अकेले दूर नहीं कर सकती है। डॉ लता ने बताया कि वर्तमान समय में शहरी और ग्रामीण आबादी में जीवन-शैली जनित रोगों की बढ़ती संख्या इस दिशा में विशेष ध्यान देने की जरूरत का संकेत है।

इस कार्यशाला के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए डॉ लता ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अचानक स्वास्थ्य के क्षेत्र में आई गंभीर परिस्थितियों से कैसे मुकाबला किया जाए, उस पर विचार-विमर्श करना है। यह एक प्रकार की पॉलिसी मेकिंग कार्यशाला है जिसमें विशेषज्ञ यह बताएंगे कि ऐसी परिस्थितियों में हमारी क्या तैयारियां होनी चाहिए। कार्यशाला के आयोजन से स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता आएगी। डॉ लता ने कहा कि राष्ट्र के स्वास्थ्य के लिये सभी चिकित्सा प्रणालियों का समन्वय आवश्यक है। स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ राष्ट्र हमारा लक्ष्य है। स्वस्थ रहना हमारा अधिकार है, स्वभाव है और कर्त्तव्य भी है। उचित आहार-विहार और जीवन-शैली अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। हम प्रीवेन्टिव, प्रोमोटिव और पॉजिटिव हेल्थ के लिये कार्य करते हैं। सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से आमजन को अच्छे स्वास्थ्य के लिये प्रेरित करते हैं।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों एवं परिवारजनों के लिये योग एवं स्वास्थ्य पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





योग एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण दिनांक 15/04/2023 को परिवार कल्याण केन्द्र, ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, बंगरसिया, भोपाल में आयोजित किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय कावा अध्यक्षा श्रीमती रंजना ने कहा कि योग विद्या भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीनकाल में सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे। पूजा-पाठ, धर्म-कर्म से शान्ति मिलती है और योगाभ्यास से धन धान्य, समृद्धि और स्वास्थ्य। भारत में सुख, समृद्धि, शक्ति और स्वास्थ्य के लिए हर व्यक्ति को योगाभ्यास करना चाहिए। योगाभ्यास मानव शरीर, नाड़ी संस्थान और मस्तिष्क की जटिल प्रक्रियाओं में बदलाव लाता है। फलस्वरूप भौतिक पदार्थ के क्रम-विकास की गति में वृद्धि होती है और मस्तिष्क अधिक कुशल, अधिक अनुशासित और अधिक सक्रिय और सर्जनात्मक होता है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, भोपाल डॉ संजय कुमार, डिप्टी कमांडेट महेन्द्र कुमार सम्मानीय अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण एवं जवान परिवार सहित उपस्थित रहें। योग गुरु महेश अग्रवाल ने योग आसनों एवं प्राणायाम के अभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि शुभ चिंतन, उपवास, अच्छी नींद,प्राकृतिक चिकित्सा एवं नियमित योग अभ्यास के साथ प्रेम करुणा त्याग की भावना से व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रहता है। हमें योग अभ्यास के द्वारा वह जो मुझमें है, वही सबमें है। वह जो मैं हूँ, वहीं अन्य सभी में है। जीवन में इसी बोध को प्राप्त करना है और इसी का अनुभव करना है। समग्र सृष्टि का यह एक सार है। यह मेरा दृढ़ अनुभव होना चाहिए कि समस्त सृष्टि मुझसे अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है, क्योंकि मुझे यह जानना और अनुभव करना चाहिए कि मन, शरीर और इन्द्रियों से बहुत परे एक अदृश्य सम्पर्क सूत्र है।

# 4 जून को भोपाल में महाकुंभ में हुंकार भरेगा ब्राह्मण समाज, आयोजन को लेकर हुई बैठक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश ब्राह्मण समाज की एक बड़ी बैठक आज गुफा मंदिर मानस भवन में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश के समस्त ब्राह्मण समाज के लगभग 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम का अध्यक्ष पंडित गौरीशंकर शर्मा काका जी को बनाया गया। इसके साथ ही पंडित पुष्पेन्द्र मिश्रा को कार्यक्रम का संयोजक ,

पंडित रामनारायण अवस्थी को कार्यक्रम का कार्यकारी अध्यक्ष, पंडित राकेश चतुर्वेदी को महासचिव, मुकेश तिवारी एवम चन्द्रशेखर तिवारी को प्रवक्ता, पंडित रामबाबू शर्मा एवम आशीष तिवारी को कोषाध्यक्ष, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रीता मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती सावित्री तिवारी, संयोजक श्रीमती नीतू तिवारी, प्रवक्ता श्रीमती पूर्वा त्रिवेदी को मनोनित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी विप्र बंधुओं ने मिलकर दिनांक 04 जून 2023 को भोपाल में सर्व ब्राह्मण समाज का महाकुंभ आयोजित करने का निर्णय लिया जिसमें संपूर्ण मध्यप्रदेश से लगभग दस लाख विप्र जानो को एकत्रित करने का संकल्प लिया गया। 11 सूत्री मांगों को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया जिसमें प्रमुख मांग ब्राह्मण समाज के पुजारियों का मानदेय 5000 से 10000 किया जाए और तत्काल इसे पुजारियों को प्रदान किया जाए मठ मंदिरों से लगी हुई जमीन जो सरकार के अधिग्रहण में है उसे मुक्त किया जाए एट्रोसिटी एक्ट में बिना जांच के गिरफ्तारी ना हो ब्राह्मण आयोग का

# एम्स में स्वास्थ्य और रोग में एकीकृत चिकित्सा की संभावनाओं पर हुआ विचार-मंथन सत्र

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




एम्स में स्वास्थ्य और रोग में एकीकृत चिकित्सा की भावी संभावनाएं विषय पर एक बहुत ही उद्देश्यपूर्ण मंथन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर अपने उद्घाटन भाषण से सत्र का शुभारंभ किया।

उन्होंने रोगी देखभाल के हित में अनुसंधान और एकीकृत मॉड्यूल में सहयोगी विकास पर जोर दिया । पारंपरिक चिकित्सा के अनुसंधान और विकास के बावजूद गैर संचारी रोग में हो रही वृद्धि वैश्विक समस्या है । सभी मौतों में से 70 प्रतिशत गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं । इसलिए, राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के बीच एकीकृत चिकित्सा की आवश्यकता पर चर्चा की गई ।डीन अकादमिक प्रो (डॉ) राजेश मलिक, डीन (नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स) प्रो (डॉ) अमित अग्रवाल, एसोसिएट डीन (नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स) डॉ. सैकत दास तथा एसोसिएट डीन (अकादमिक) और आयोजन अध्यक्ष डॉ. अश्विनी टंडन इस कार्यक्रम में शामिल हुए । प्रो (डॉ.) राजेश मलिक ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि यह वैकल्पिक और रूढ़िवादी उपचार के तौर-तरीकों के बीच एक साझेदारी कार्यक्रम की तरह है।आधुनिक और पारंपरिक चिकित्सा के एकीकरण के पहलुओं पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने और विचार-मंथन सत्रों में भाग लेने के लिए देश भर के प्रतिष्ठित वक्ताओं और प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था । इसमे मुख्य रूप से एम्स राजकोट, एम्स जम्मू, एम्स ऋषिकेश, पीजीआई चंडीगढ़, चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान संस्थान, त्रिवेंद्रम आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । इस आयोजन की आयोजन सचिव डॉ. रचना पराशर ने आयुष में चल रहे इंटीग्रेटिव हेल्थ क्लिनिक की वर्तमान स्थिति के विषय में बताया।

एनएमसी बोर्ड के अध्यक्ष प्रो एमेरिटस डॉ बीएन गंगाधर ने एकीकृत चिकित्सा में निम्हान्स के योगदान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने निम्हान्स, बेंगलुरू में एक अनुसंधान परियोजना से एकीकृत चिकित्सा विभाग के पूर्ण विकसित स्वरूप तक की यात्रा के विषय में बताया ।एस-व्यासा, बेंगलुरु के चांसलर प्रोफेसर एचआर नागेंद्र ने इंटीग्रेटिव मेडिसिन के एस-व्यासा मॉडल और पहले चरण में योग की भूमिका पर अपनी बात रखी। उन्होंने एकीकृत चिकित्सा के लिए नियामक संस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अनुसंधान सहयोग, शिक्षा और सेवाओं के क्षेत्र में भविष्य की साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त किए। पीजीआई चंडीगढ़ के डॉ. अक्षय आनंद ने उल्लेख किया कि अच्छी एकीकृत चिकित्सा पद्धतियों (जीआईएमपी) के रूप में गुणवत्ता आश्वासन होना चाहिए ।

स म्पा द की य

# चुनावी भगदड़?

अंतत: कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार भी आज कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। सुबह बेंगलुरु स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार समेत कई बड़े नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। टिकट ना मिलने से दो दिन पहले उन्होंने भाजपा छोड़ दी थी। शेट्टार को मिलकर अभी तक भाजपा के नौ विधायक और एक पूर्व डिप्टी सीएम पार्टी छोड़ चुके हैं। आगे क्या होगा, अभी नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह तय है कि चुनावी समीकरण अभी और भी बदलेंगे।

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी के अंदरखाने में उठापटक कुछ ज्यादा ही तेज हो गई है। छोटे ही नहीं, बड़े नेता भी पार्टी से नाराज होकर पलायन कर रहे हैं। हालांकि अपने देश में चुनावों से पहले पार्टियों में टिकट बंटवारे को लेकर असंतोष कोई नई बात नहीं है। अक्सर यह विवाद बड़ा रूप भी लेता रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुआई वाला दौर शुरू होने के बाद से भारतीय जनता पार्टी में इस तरह के दृश्य दिखने लगभग बंद हो गए थे। पार्टी छोड़ने वाले नेताओं में बड़ा हिस्सा कांग्रेस का हुआ करता था। पार्टी खुद को एक अनुशासित इकाई के रूप में पेश करती थी। उसने कई चुनावों में बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटने के प्रयोग भी शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में कर दिखाया।

परंतु कर्नाटक में इस बार स्थितियां एकदम उलट दिखाई दे रही हैं। इससे पहले नवंबर महीने में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी कुछ सीटों पर बागियों को मनाने में बीजेपी नेतृत्व को परेशानी हुई थी। तब हिमाचल की कुल 68 विधानसभा सीटों में से 21 पर बीजेपी के बागी प्रत्याशी लड़े थे। नतीजा यह हुआ कि भाजपा बहुमत के आंकड़ों तक नहीं पहुंच पाई और कांग्रेस की सरकार बन गई। हालांकि राजनीतिक विशेषज्ञ कर्नाटक में भी हिमाचल जैसा ही कुछ होने के आसार जता रहे हैं, उनका तर्क यह है कि अगर पार्टी के अंदर जीत की उम्मीद होती तो बागी प्रत्याशियों को भविष्य में सत्ता में हिस्सेदारी का आश्वासन काम आ जाता। जबकि भाजपा नेतृत्व का मानना है कि केवल वही लोग पार्टी छोड़ रहे हैं, जिन्हें टिकट नहीं दिया जा रहा है। और पार्टी केवल जीतने वालों को ही टिकट देती है, इसलिए भाजपा को फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

दो दिन पहले ही कर्नाटक बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने तो खुलकर कह दिया कि पार्टी टिकट दे या न दे, वह चुनाव लड़ेंगे, उन्होंने पहले पार्टी छोड़ी, इंतजार किया और तीसरे दिन आज कांग्रेस में शामिल हो गए। दूसरे बड़े नेता ईश्वरप्पा ने खुद चुनाव न लड़ने की बात कही है, लेकिन उनके समर्थक अभी तक सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में पार्टी की लोकल इकाइयों से जुड़े लोगों के पार्टी से इस्तीफा देने की खबरें आ रही हैं।

कर्नाटक में कहा यह भी जा रहा है कि टिकट काटने के फैसले से ज्यादा नुकसान फैसले के ढंग से हुआ है। अगर इन बड़े नेताओं को पहले से विश्वास में लिया जाता तो ये अपने समर्थकों की नजर में अपमानित नहीं महसूस करते। उस स्थिति में पार्टी का नुकसान भी कम होता। बहरहाल, चुनाव में अभी भी वक्त है। बीजेपी नेतृत्व इन असंतुष्ट नेताओं और उनके समर्थकों तक पहुंचकर उनकी बात सुन और अपनी बात उन्हें समझा सकता है। खबर है कि पार्टी नेतृत्व इस काम के लिए येदियुरप्पा का इस्तेमाल करना चाहता है। उन पर यह जिम्मेदारी डाली गई है कि वह नाराज नेताओं से बात करें, उनकी नाराजगी दूर करें।

परंतु देखा यह जा रहा है कि येदियुरप्पा और वर्तमान मुख्यमंत्री बोम्मई के बीच ही बहुत बेहतर समन्वय नहीं बन पा रहा है। पार्टी येदि का पूरा उपयोग तो करना चाहती है, लेकिन उन्हें पद नहीं देना चाहती। और बोम्मई चाहते हैं कि सारे अधिकार उन्हें मिल जाएं। यही नहीं, दोनों ही अपने समर्थकों को अधिक से अधिक टिकट भी दिलाना चाह रहे हैं। यह स्वाभाविक ही है। इधर, पार्टी नेतृत्व से जो लोग सीधे जुड़े हैं, वो अलग। जो भी हो, भाजपा नेतृत्व कर्नाटक में भी गुजरात माडल लागू कर वहां बहुमत से सरकार बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। अब यह बात और है कि कर्नाटक गुजरात साबित होता है, या नहीं। और यह भी कि, भाजपा आज भी कांग्रेस को बहुत कमजोर मानती है, जबकि कम से कम कर्नाटक में तो ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# पीएम की यात्रा: मंत्रियों में घबराहट क्यों?

**सुरेश तिवारी**

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनाव की तैयारी



शुरू कर दी। पिछले दिनों सीएम हाउस में देर रात तक भाजपा और संघ के नेताओं ने चुनाव स्ट्रेटजी को लेकर मैराथन मीटिंग हुई। इस मीटिंग में एक महत्वपूर्ण मुद्दा था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को होने वाला रीवा दौरा। नरेंद्र मोदी के दौरे का कारण पंचायत राज दिवस पर होने वाला एक बड़ा आयोजन है, जिसमें दो लाख पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। लेकिन, माना जा रहा है कि इस दौरे का मूल मकसद विंध्य में भाजपा को मजबूती देना है। लेकिन, इस दौर को लेकर शिवराज सरकार के मंत्रियों में भारी घबराहट है। माना जा रहा है कि इस दौरे में क्करू के सामने हर मंत्री का रिपोर्ट कार्ड पेश होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों को हिदायत भी दे दी है। यही कारण है कि मंत्रियों की नींद उड़ी हुई है।

इस मीटिंग में जनहित वाली सरकारी योजनाओं पर ज्यादा जोर देने पर बातचीत हुई। सभी प्रभारी मंत्रियों को एक रात अपने प्रभार वाले जिलों में गुजारने को कहा गया। यह बात से पहले भी हुई थी, लेकिन अभी तक कोई मंत्री किसी गांव में जाकर नहीं रुका! देर रात तक की मीटिंग में प्रदेश की उन कमजोर सीटों को लेकर भी बात हुई, जहां भाजपा लंबे समय से लगातार चुनाव हार रही है। मीटिंग में इसके कारण ढूंढने पर बात हुई!

इसके अलावा च्लाडली बहना योजनाज् के बारे में भी सीएम मुख्यमंत्री ने जानकारी दी, कि यह योजना चुनाव में कितनी फायदेमंद साबित होगी। बताते हैं कि संघ ने इस योजना की जमकर तारीफ की। अब देखना है कि इस मीटिंग के बाद भाजपा में क्या बदलाव आता है!

**नरोत्तम मिश्रा आजकल आखिर लो प्रोफाइल में क्यों?**

गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा इन दिनों कुछ टेंशन में होने के साथ ही लो प्रोफाइल में है , जो शायद स्वाभाविक भी है। सुप्रीम कोर्ट में उनके राजनीतिक भविष्य का फैसला जो होना है। दतिया चुनाव के दौरान पेड न्यूज मामले में इस बार सुप्रीम कोर्ट में फैसले की घड़ी है। इसी महीने दो बार फैसला टल गया, अब 19 अप्रैल तिथि निर्धारित हुई है माना जा रहा है कि इस दिन अंतिम रूप से इस मामले में फैसला हो जाएगा। इससे पहले 2 मार्च और 12 अप्रैल की तारीख तय क थी लेकिन अंतिम फैसला नहीं आया। यदि फैसला अनुकूल नहीं आता, तो नरोत्तम मिश्रा का राजनीतिक कैरियर दांव पर लग सकता है। विधायकी भी जा सकती है?

बता दें कि 2017 में चुनाव आयोग ने नरोत्तम मिश्रा को इस मामले में दोषी मानते हुए तीन साल तक चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई थी। दिल्ली हाईकोर्ट में हार के बाद उन्होंने इस



फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर 19 अप्रैल को फैसला होना है।

**89 बैच के 3 आईएएस अफसर एक लाइन में**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के तीन अधिकारी अब एक लाइन में रहने आ गए हैं यानि वे आस पास हो गए हैं, अब पड़ोसी बन गए हैं । दरअसल 1989 बैच के अफसर अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान अब चार इमली स्थित मुख्य सचिव के बंगले बी-15 में पहुंच गए हैं। इसी बैच के जेएन कंसोटिया अपर मुख्य सचिव पहले से ही मुख्य सचिव के निर्धारित आवास बी-13 में रह रहे हैं।

इन दोनों आवासों के बीच इसी बैच के एक अन्य







अधिकारी अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग विनोद कुमार बी-14 में पहले से रह रहे हैं।

इस तरह से देखा जाए तो 89 बैच के तीनों अधिकारी अब एक लाइन में आस-पड़ोस में रहने लगे हैं। बता दे कि जिस बंगले में सुलेमान रहने आए हैं उसी बंगले में तत्कालीन मुख्य सचिव एसआर मोहंती कई सालों तक रहे है। इसी प्रकार जिस बंगले में कंसोटिया रहते हैं उसमें परशुराम से लेकर गोपाल रेड्डी तक कई तत्कालीन मुख्य सचिव रह चुके हैं। विनोद कुमार जिस बंगले में रहते हैं उसमें कभी पूर्व मुख्य सचिव और तत्कालीन रेरा अध्यक्ष एंटोनी डिसा रहे हैं।

यह भी एक संयोग ही है कि चार इमली में ही सुलेमान के पास वाले बंगले बी 16 में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा रहते हैं।

**ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने राज्यपाल का नाम क्यों लिखा**

ग्वालियर में 16 अप्रैल को हुए बाबासाहेब आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में ग्वालियर-चंबल संभाग के 8 जिलों से लाई जाने भीड़ के लिए ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एस के झा ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा। इस पत्र में भीड़ जुटाने के लिए बस किराए के नाम पर 6 करोड़ 18 लाख रुपए मांगे गए।

सबसे आश्चर्य की बात है कि इस पत्र में राज्यपाल को मुख्य अतिथि बताया गया, जबकि उनके इस आयोजन में जाने का कोई प्रोग्राम तय नहीं था और न वे वहां गए भी! इस मामले को सबसे पहले 'मीडियावाला' ने ही पत्र के साथ ब्रेक किया था! ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने राज्यपाल के आने का उल्लेख किस जानकारी के तहत किया, इसे लेकर काफी हड़कंप भी मचा था। सियासी और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा रही कि पत्र से राज्यपाल के नाम का उल्लेख कर उनकी गरिमा का ध्यान नहीं रखा गया ।

इस पत्र को लेकर जमकर राजनीति भी हुई। लेकिन, अभी तक इस सवाल का जवाब नहीं मिला कि आखिर राज्यपाल का नाम क्यों और क्या सोचकर लिखा गया था।

**वरिष्ठ आईएएस अजय तिर्की की अपनी अलग ही पीड़ा**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर जाकर सुखी रहते हैं। लेकिन, मध्य प्रदेश कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अजय तिर्की दिल्ली में बहुत परेशान हैं। परेशानी के दो कारण हैं, पहला ये कि वे मध्यप्रदेश नहीं



लौट पा रहे। वे प्रदेश में सीनियर मोस्ट आईएएस अधिकारी (बैस के बाद) है, पर न तो मुख्य सचिव बन पा रहे हैं और न किसी और कैपेसिटी में उनकी वापसी संभव हो पा रही है।

दिल्ली में भी वे ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत एक छोटे से विभाग 'भूमि सुधार' के सेक्रेटरी हैं। उससे भी पीड़ा देने वाली बात ये कि उनका बॉस उनसे चार साल जूनियर 1991 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी शैलेश सिंह हैं। जाहिर है कि न चाहते हुए उन्हें 4 साल जूनियर अधिकारी के अंडर में काम करना पड़ रहा हैं। गृह योग कुछ ऐसे हैं कि वे केंद्र में किसी बड़े विभाग या मंत्रालय के सचिव भी नहीं बन पा रहे। अजय तिर्की इसी साल दिसंबर में रिटायर होने वाले हैं। वे अब इस कोशिश में लगे हैं कि रिटायरमेंट के पहले केंद्र में कोई अच्छा विभाग या मंत्रालय में पदस्थ हो जाए। क्योंकि, उनके मध्य प्रदेश वापसी के दरवाजे लगभग बंद हो गए। लेकिन, केंद्र में भी कहीं और जा नहीं पा रहे!

**वरिष्ठ आईपीएस कैलाश मकवाना किशोर कुमार से कम नहीं**

वरिष्ठ आईपीएस कैलाश मकवाना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वे अभी तक जहां भी रहे, अपनी पहचान छोड़कर आए हैं। जब वे लोकायुक्त में थे, उनकी कार्रवाइयों से कई अफसरों में भारी घबराहट के किस्से मशहूर हैं। अब वे पुलिस हाउसिंग में हैं, तो वहां भी उनके



कामकाज को सराहा जा रहा है। लेकिन, वे गाने के शौकीन हैं, ये बात शायद कई लोगों को पता नहीं!

वे अकसर गाते रहते हैं और उसके वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने भी नहीं चूकते! हाल ही में उन्होंने अमिताभ बच्चन की लोकप्रिय फिल्म 'मुकद्दर सिकंदर' का चर्चित गाना 'ओ साथी रे, तेरे बिना भी क्या जीना' गाया और उसका वीडियो ट्विटर पर शेयर भी किया। अब कोई उनसे ये न पूछे कि ये गाना मकवाना जी ने किस साथी के लिए गाया!

**केंद्र में अप्रैल माह यानी छुट्टियों का मूड**

संसद का बजट सत्र तो समाप्त हो गया लेकिन अप्रैल का महीना अभी छुट्टियों के मूड में है। कई अवकाश होने के कारण स्टाफ भी लंबी छुट्टियां लेने से नहीं चूकता। परिणाम कार्यालयों में आधा अधूरा स्टाफ। जानकारों का कहना है कि ईद के बाद ही कार्यालयों में उपस्थित सामान्य होने की संभावना है।

**कोठारी आज होंगे कार्यमुक्त**

मध्य प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी डाक्टर नवनीत मोहन कौठारी के केंद्रीय डेपुटेशन की अवधि समाप्त हो रही है। वे सोमवार 17 अप्रैल को पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय से कार्य मुक्त हो जाएंगे जहाँ पर फिलहाल वे संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ है। डाक्टर कोठारी को डेपुटेशन अवधि में पहले दो साल का विस्तार मिल चुका था।

**दिल्ली पुलिस में तबादले की एक और सूची अब कभी भी**

दिल्ली पुलिस में तबादले की एक और सूची जारी हो सकती है। संभावना है कि ईद के बाद करीब एक दर्जन आईपीएस अधिकारी इधर से उधर हो सकते हैं। मन माफिक पद पाने के लिए लाबिंग भी खूब चल रही है।

# विकास की दौड़, मौसम के कारण पिछड़ता किसान

**-राकेश दुबे**

कहावत है कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती लेकिन यदि इंसान किसान की भूमिका में हो तो कृषि व्यवसाय में मेहनत भी शिकस्त का दंश झेलने को मजबूर रहती है। मार्च व अप्रैल महीने में रबी की फसल पूरे शबाब पर होती है। मगर बारिश व ओलावृष्टि के कहर ने किसानों व बागवानों की कई महीनों की मेहनत पर पानी फेर कर किसानों को मायूस कर दिया है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बेमौसम बरसात से च्ब्लॉज्म ब्लाइटज् रोग ने आम की पैदावार को भारी नुकसान पहुंचाया है। कृषि अर्थशास्त्र की बुलंद इमारत अन्नदाता अतीत से एक बड़े परीक्षार्थी की तरह जीवनयापन करता आ रहा है। मौसम अपने तल्ख तेवरों व बेरूखे मिजाज से किसान वर्ग की सबसे बड़ी परीक्षा लेता है। फसल तैयार होने पर बाजार नाम की व्यवस्था व उपभोक्ता किसानों की परीक्षा लेते हैं। कभी व्यवस्थाओं में बैठे अहलकार तो कभी सरकारें किसानों की परीक्षा लेती हैं। कृषि उत्पादन में कड़ी मेहनत के साथ धन भी खर्च होता है।

महंगे बीज, मशीनीकरण, खाद व कीटनाशक किसानों का आर्थिक पक्ष कमजोर करते हैं। सूखे की मार व कोहरे से फसलों की तबाही का खामियाजा भी किसान ही भुगतते हैं, मगर कृषि उपज का मोल बाजार तय करता है। कृषि क्षेत्र के संघर्ष व समस्याओं को समझने में देश की सियासी व्यवस्था ने कभी तत्परता नहीं दिखाई। करोड़ों आबादी को खाद्यान्न उत्पादन करने वाला कृषक वर्ग प्राकृतिक आपदाओं की मार से फसलों की तबाही को कुदरत का कहर या विधि का विधान मान कर खामोशी से सहन कर लेता है। फसल कटाई के बाद खेतों में फसली अवशेष जलाने पर च्एनजीटीज्, सरकारें व न्यायालय भी किसानों को ही दोषी ठहराते हैं। आखिर किसान अपने दर्द-ए-जिगर का इजहार किससे करे।

विडंबना है कि देश में लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायतें उद्योगपतियों के नाम पर हंगामें की भेंट चढ़ जाती हैं, मगर देश की 140 करोड़ आबादी को खाद्य सुरक्षा मुहैया कराने वाले अन्नदाता की समस्याओं का जिक्र तक नहीं होता। फसलों की तबाही का मंजर न्यूज चैनलों की सुर्खियां भी नहीं बनता। लेकिन जब सियासी जमीन खिसक जाए तो सत्ता पक्ष पर निशाना साधने के लिए विपक्षी दलों का मुख्य मुद्दा किसान ही बनते हैं। कृषि अर्थतंत्र का बुनियादी स्तंभ अन्नदाता लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता का जिम्मेदाराना किरदार भी अदा करता है। जम्हूरियत की बुलंदी पर पहुंचने का रास्ता खेत खलिहान व गांव की चौपालों से होकर ही गुजरता है।

चुनावी समर में किसान सियासी दलों की प्राथमिकता में शामिल हो जाते हैं। खोया हुआ जनाधार हासिल करने के लिए सत्ता का समीकरण कृषक समाज के इर्द-गिर्द ही घूमता है। चुनावी मौसम में सियासी मैदान में ताल ठोंकने वाले प्रतिनिधि भी खुद को किसान बताकर किसानों का रहनुमां बनने की पूरी कोशिश करते हैं। कई सियासी रहनुमां किसानों का मसीहा बन कर किसानी से जुड़े मुद्दों को अपना सियासी एजेंडा बनाकर सत्ता की सीढियां चढक़र जम्हूरियत की पंचायतों में पहुंच गए। मगर बहुमत हासिल होने के बाद किसानों के मुद्दे सियासी दलों के एजेंडे से गायब हो जाते हैं।

मशहूर ब्रिटिश अर्थशास्त्री च्थॉमस राबर्ट माल्थसज् ने सन् 1798 में अपनी किताब च्प्रिंसिपल ऑफ पॉपुलेशनज् के जरिए दुनिया को चेताया था कि अनाज उत्पादन की तुलना में यदि जनसंख्या अधिक होगी तो बहुत से लोग भोजन की कमी से मरेंगे। जब आबादी खाद्य आपूर्ति से अधिक हो जाए तो खाद्यान्न व जनसंख्या में असंतुलन पैदा हो सकता है।माल्थस के शत-प्रतिशत सही इस तर्क के भविष्य में परिणाम जो भी हों, मगर हमारे मेहनतकश किसानों ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर च्माल्थुसियन सिद्धांतज् को काफ़ी हद तक गलत साबित किया है।

भारत में निवास करने वाली विश्व की लगभग 18 प्रतिशत दूसरी सबसे बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। सरकारी डिपो में करोड़ों लोगों को अनाज सस्ते दामों पर मिल रहा है। स्कूलों में मिड डे मील योजना के तहत करोड़ों छात्रों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। कई पड़ोसी देशों को अनाज भेजकर आवाम की मदद की जा रही है। देश के अनाज भंडारों में भंडारण क्षमता से अधिक अनाज मौजूद है। यदि देश के किसी हिस्से में भुखमरी या कुपोषण जैसे हालात हैं तो इसके लिए सियासी निजाम जिम्मेवार है। खाद्यान्न, फल-सब्जियां तथा दुग्ध उत्पादन में भारत को विश्व में दूसरे पायदान पर काबिज करके कृषक समाज ने अपनी काबिलीयत का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया है। इन उपलब्धियों का श्रेय भले ही देश के सत्ताधीश लेते हैं, मगर खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन किसानों के संघर्ष का परिणाम है।

अन्न संकट के मद्देनजर देश में सन् 1965 में च्भारतीय खाद्य निगमज् तथा कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य की सिफारिश के लिए च्कृषि लागत एवं मूल्य आयोगज् भी वजूद में आया था, मगर किसानों को मेहनत के अनुरूप उपज का मूल्य नसीब नहीं होता। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए वर्तमान में लोगों का झुकाव आर्गेनिक फूड की तरफ बढ़ रहा है। जैविक व प्राकृतिक खेती की वकालत भी जोरों पर हो रही है, मगर प्राकृतिक उत्पाद भी किसानों की मेहनत पर निर्भर करते हैं। भारत विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार कर चुका है। बेशक देश में शिक्षा, स्वास्थ्य व सैन्य क्षेत्रों में काफी उन्नति हुई है। भारत को खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाला कृषक वर्ग गुरबत से जूझ कर भी देश के स्वाभिमान को कायम रखने के लिए कर्जदाता बनकर भी प्रयत्नशील है। मगर करोड़ों किसानों की आजीविका का साधन हमारे गांव का पुश्तैनी व्यवसाय कृषि क्षेत्र आजादी के सात दशकों बाद भी कई समस्याओं से ग्रसित होकर विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ है।

# जहां पिता कलेक्टर, अब उसी कुर्सी पर बैठी बेटी!

**सुरेश तिवारी**



संयोग की कोई निर्धारित परिभाषा नहीं होती, ये कभी भी और कहीं भी हो सकते हैं। एक ही अजब संयोग आईएएस सृजना गुमाल्ला के साथ हुआ जब उनको भी वहीं नियुक्ति मिली जहां कभी उनके पिता पदस्थ थे। अभी 10 अप्रैल को सृजना गुमाल्ला ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बतौर कलेक्टर चार्ज लिया, जहां कभी उनके पिता बालारमैया गुमाल्ला कलेक्टर थे। कुर्सी पर बैठने के बाद सृजना गुमाल्ला ने ट्वीट किया 'एक ऐतिहासिक दिन, सपना सच हो गया, मेरे जीवन में इतिहास रचने का दिन! पहली महिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, कुरनूल के रूप में कार्यभार संभाला! सोने पर सुहागा-उसी जिले में सेवा करना जहां मेरे पिता बलरामैया गुम्माल्ला कलेक्टर थे। ऐतिहासिक संयोग!

ये भले ही संयोगवश हुआ हो, पर सृजना गुमाल्ला ने कोरोना काल में जो किया उसे आज भी याद किया जाता है। वो संयोग नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के प्रति समर्पण भाव था। उन्होंने 13 अप्रैल 2020 को जब कोरोना चरम पर था तब अपने 20 दिन के नवजात शिशु के साथ ऑफिस ज्वाइन कर लिया था। जब आईएएस अधिकारी सृजना गुमाल्ला अपने प्रसव के बमुश्किल एक महीने बाद ही कार्यालय लौटीं, तो गोद में 20 दिन की मासूम को लिए उनकी तस्वीर कुछ ही देर में देशभर वायरल हो गई। यह बच्चा तेजी से फैलती महामारी के बीच पैदा हुआ था। ऐसे वक्त में सृजना को पता था कि एक कोरोना योद्धा के रूप में देश को उनकी कितनी जरूरत थी। इसलिए, उन्होंने अपने 6 महीने के मातृत्व अवकाश को त्याग दिया और आंध्र प्रदेश में 'वृहद विशाखापत्तनम नगर निगम' (जीवीएमसी) के आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया।

**यूपीएससी परीक्षा में 44 वीं रैंक**

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जी बालारमैया गुमाल्ला की बेटी होने के नाते, यह स्पष्ट है कि सृजना ने कम उम्र से ही सेवा के महत्व को स्वीकार कर लिया। हैदराबाद स्थित उस्मानिया विश्वविद्यालय से एक मनोविज्ञान स्नातक सृजना ने यूपीएससी परीक्षा 44वीं रैंक के साथ क्लियर की और द्वुस बनी थीं। उन्होंने राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर भी किया है और वे स्वीडन के उप्साला विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक विजेता भी हैं।

एक आईएएस अधिकारी के रूप में जीवीएमसी के आयुक्त का कार्यभार संभालने से पहले, गुम्माला ने डॉ रेड्डी फाउंडेशन में एक वर्ष के लिए शिक्षा प्रबंधन सलाहकार के रूप में भी काम किया।

**मुख्यमंत्री को भी आश्चर्य हुआ**

सृजना गुमाल्ला 2013 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। अपने मातृत्व अवकाश को त्यागने के अपने फैसले पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा था कि कोरोना से लड़ना उनके लिए ज्यादा जरूरी था। असल में, बच्चे को जन्म देने के कुछ दिनों बाद ही सृजना गुमाल्ला ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था कि वो उन्हें फिर से कार्यालय में आने की अनुमति दें। मुख्यमंत्री भी बहुत आश्चर्य में थे। लेकिन, जब वह अपने अनुरोध पर कायम रहीं, तो उन्होंने भरोसा कर लिया और अनुमति दे दी।

**मैटरनिटी लीव में जिम्मेदारी याद आई**

आईएएस सृजना गुमाल्ला ने अपने इस फैसले पर कहा था कि वे मैटरनिटी लीव पर थीं, लेकिन उनका मन नहीं लगा। वे एक जिम्मेदार अधिकारी के तौर पर घर में नहीं रुक सकती थीं। उन्होंने अपने मातृत्व के साथ ही फर्ज को भी अहमियत दी। अपनी छुट्टियां निरस्त की और काम पर लौट आईं। वे अपने 22 दिन के बच्चे को घर पर नहीं छोड़ सकती थी इसलिए सारी सावधानी के साथ दफ्तर पहुंच गईं। उन्होंने तब बच्चे को गोद में लेकर दफ्तर में काम किया। फर्ज को निभाने में उनका परिवार भी योगदान करता रहा। सृजना ने बताया कि सबके समझाने पर कुछ दिन बाद वे बच्चे को घर पर



छोड़कर आने लगी। हर चार घंटे में जाकर वे बच्चे को फीड कराती रहीं। इन दिनों में उनके वकील पति भी बच्चे की देखरेख में लगे थे। उनका कहना था कि भले ही वे अधिकारी के रूप में सख्त हों, लेकिन मां के रूप में बहुत संवेदनशील हैं। कोरोना काल के दौरान लोगों को साफ पानी मुहैया कराना और साफ सफाई सुनिश्चित करना बाहर जरूरी था और उन्होंने वही किया।

सृजना के इस अनोखे व्यवहार पर उनके दोस्तों और प्रशंसकों सहित सबने खूब सराहना की। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने युवा द्वुस अधिकारी की प्रशंसा करते हुए ट्वीट किया था 'भारत सौभाग्यशाली है कि उसे ऐसे कोरोना योद्धाओं मिले हैं। अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता के इस जीवंत उदाहरण के लिए मेरा हार्दिक आभार।'

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# रानी कमलापति पर गलत टिप्पणी करने पर कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का भाजपा युवा मोर्चा ने पुतला दहन किया



दमोह। जनजातीय योद्धाओं का बलिदान अविस्मरणीय, जिसका भारतीय जनता पार्टी सदैव ध्यान रखती है, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी रानी कमलापति के अपमान एवं वनवासी समाज के विरोध में दिए गए बयान के विरोध में दमोह जिले के सभी 22 मंडलों में पुतला दहन किया गया। भोपाल की पहचान रानी कमलापति के कारण है भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भारत यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण और दुर्भावना से ग्रसित, गोविंद सिंह माफी मांगें। यादव ने उठाए सवाल,क्या कांग्रेस के राजा दिग्विजय सिंह के लिए भी कांग्रेसियों की यही मानसिकता है? उन्होंने कहा कि भोपाल की पहचान रानी कमलापति के कारण है।

# पुरानी पेंशन बहाली एवं वरिष्ठता के लिए जिला स्तरीय धरना- प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन




इटारसी - नर्मदा पुरम // नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्य प्रदेश नर्मदा पुरम के द्वारा वरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डहेरिया के आह्वान पर रविवार को जिला स्तर पर पेंशन मार्च रैली निकालकर ज्ञापन एवं महामहिम राष्ट्रपति भारत नई दिल्ली, प्रधानमंत्री भारत सरकार, राज्यपाल, मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव , अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, शक्ति सिंह तोमर ,नायब तहसीलदार , सहित नर्मदापुरम को सौंपा एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन समस्त विभाग के कर्मचारियों के लिए लागू की जावे तथा पुरानी पेंशन बहाली मार्च में मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक, संगठन ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन संघ सहित राज्य के आजाद शिक्षक संघ पटवारी संघ, उच्च माध्यमिक शिक्षक, लिपिक वर्ग संघ, सेवानिवृत्त पेंशन संघ शिक्षक संघ संवैधानिक पेंशन मार्च रैली मे सम्मिलित हुए पुरानी पेंशन बहाली मार्च ज्ञापन रैली को सफल बनाने के लिए के आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेडिकल कालेज के लिए दूसरे दिन 22 लोगों ने दिया अनशन




छतरपुर। छतरपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराने की मांग को लेकर मेडिकल संघर्ष मोर्चा ने अपने आंदोलन के दूसरे दिन रविवार को भी छत्रसाल चौक पर क्रमिक अनशन किया। मेडिकल कॉलेज संघर्ष मोर्चे ने जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज का निर्माण करने, नवीन सत्र 2023-24 से जिला अस्पताल में अस्थाई कॉलेज प्रारंभ कर क्लास शुरू करने की मांग उठाई है।

आन्दोलन के दूसरे दिन आज 22 लोग क्रमिक अनशन पर बैठे। वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल ने आंदोलनकारियों को तिलक लगाया एवम माला पहना कर धरने पर बैठाया। धरने के दूसरे दिन रविवार को सुरेश बाबू खरे जेपी मंगली, नाथू राम साहू, रमेश खरे, ब्रजेश पांडे, हरि प्रकाश अग्रवाल, चंद्रभान रावत, मूलचन्द्र अग्रवाल, एमआर श्रीवास्तव, दिनेश दुबे, आरके हिंगवासिया, आरएस गोस्वामी, सुरेन्द्र कुमार सोनी, अवध बिहारी खरे, मनमोहन गोस्वामी, कर्नल देवेन्द्र मिश्रा, बहोरी लाल रैकवार, दिनेश रिछारिया, केएस अरजरिया, राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट, मूलचंद्र पटेल और संजय शर्मा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक धरने पर डटे रहे। आंदोलन के तीसरे दिन सोमवार को जिला और नगर अग्रवाल समाज के साथ अग्रसेन महिला मंडल के सदस्य क्रमिक अनशन पर बैठेंगे।

# नपा अध्यक्ष द्वारा पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कॉलोनी में कराया बोर



छतरपुर। पन्ना रोड स्थित रेल्वे स्टेशन के पीछे चंद्रपुरा कॉलोनी वार्ड नंबर 18 में रहने वाले लोग पिछले कई दिनो से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। वार्ड वासियों के लिए यह एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। पानी के लिए उन्हे यहां-वहां भटकना पड़ता था। नपा अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया को जैसे ही इसकी जानकारी मिली कि, चंद्रपुरा कॉलोनी में करीब 3सौ परिवार रहते है और इन लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। उन्होने तुरंत ही मौके का निरीक्षण कर पानी की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रविवार की सुबह एक बोर कराया। कॉलोनी के लोगों को पानी उपलब्ध कराने अब पंप हाउस के माध्यम से पूरी कॉलोनी में पानी पहुंच सकेगा। समस्या हल होते हुए स्थानीय लोगो के चेहरे खिल उठे और सभी ने इस कार्य के लिए नपाध्यक्ष और वार्ड पार्षद को धन्यवाद दिया। वार्ड नंबर 18 के लोगो ने बताया कि, गर्मी के मौशम में पानी के लिए उन्हे परेशान होना पड़ता था। अब पंप हाउस के द्वारा स्थानीय लोगो के घरों तक पाईप लाईन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा। बता दे कि, रेल्वे पटरी होने के कारण अमृत जल परियोजना अंतर्गत पानी की पाइप लाईन डालने में समस्या जा रही थी। कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए यह एक बड़ी समस्या बनी हुई थी, बोर होने पर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर देखने को मिली, बोर में अच्छा पानी निकलने पर लोग खुश नजर आए। इस मौके पर नपा अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया और वार्ड नंबर 18 पार्षद प्रेमवती अहिरवार ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से चर्चा की और कॉलोनी में मुलभूत सुविधाएं रोड, नाली और पानी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया।

# कोतवाली थाना दमोह पुलिस ने बड़ी चोरी का किया खुलासा

## लाखो के सोने चाँदी जेवरात एवं नगद रूपए के साथ दो चोर गिरफ्तर कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

दमोह । दमोह पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा चोरी एवं नकबजनी के घटनाओं पर अंकुश लगाने, चोरी एवं सम्पत्ति संबंधी अपराधियो को चिन्हित कर कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक भावना दांगी के मार्गदर्शन में टीम गठित की गयी 15 अप्रैल 23 को दो आरोपी मोहिसिन पिता कल्लू कुरैशी (20) निवासी कसाई मंडी दमोह एवं राजा बाबू उर्फ उसमान पिता आयूब खान (20) निवासी नूरी नगर दमोह को संदेह के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा दस्तयाव व पूछताछ करने पर थाना कोतवाली के चार अपराधो में क्रमशः अप.क्र. 53/23 धारा 457,380 ताहि, अप.क्र. 102/23 धारा 457.380 ताहि. अप.क्र. 120/23 धारा 457,380 ताहि. अप.क्र. 324/23 धारा 457,380 ताहि, में चोरी करना कबूल किया। जिनसे अलग अलग चारो अपराधो मे सोने चाँदी जेवरात व नगदी कुल 4,45000 रूपये का मशरूका जप्त किये गये। आरोपी मोहसिन के विरूद्ध पूर्व से भी 10 अपराध चोरी, नकबजनी गौवंश वध मारपीट, अवैध हथियार रखने के अपराध पंजीबद्ध है। एवं आरोपी राजा बाबू के विरूद्ध भी पूर्व से दो अपराध पंजीबद्ध है दोनो आरोपी आदतन अपराधी है। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।



जब्त सामान - 1. एक सफेद धातु का डोरा कीमती करीब 2000 रूपये एक सफेद धातु की करधौनी कीमती करीब 20000 रूपये, दो पीली धातु की अंगूठी कीमती करीब 50000 रूपये, एक पीली धातु का मंगलसूत्र कीमत करीब 50000 रूपये, एक पीली धातु की पेंडल कीमती करीब 15000 रूपये, 4000 रूपये नगद, एक सफेद धातु का डोरा कीमती करीब 2000 रूपये, चार जोडी सफेद धातु की पायले कीमती करीब 15000 रूपये, सफेद धातु की अंगूठी 06 नग कीमती करीब 3000 रूपये, एक सफेद धातु का चूडा कीमती करीब 1500 रूपये, तीन पीली धातु की अंगूठी कीमती करीब 75000 रूपये, दो जोड़ पीली धातु की कान के फूल कीमती करीब 50000 रूपये, 1700 रूपये नगद, दो जोड चाँदी जैसे सफेद धातु के विछिया कीमती 1000 रूपये, चार चाँदी जैसी सफेद धातु की चूडिया कीमती 4000 रूपया एक जोड चाँदी जैसी सफेद धातु की पायल कीमती करीब 10000 रूपये. एक सफेद धातु का डोरा बजनी 20 ग्राम तीन जोड सफेद धातु की पायल बजनी 150 ग्राम एक पीली धातु का मंगलसूत्र 10 गुरिया वाला बजनी करीब 1 तोला, तीन जोड सफेद धातु की पायल बजनी करीब 150 ग्राम, तीन जोड बच्चो की सफेद धातु की पायल बजनी करीब 100 ग्राम, एक पीली धाती की हाय बजनी करीब 1 ग्राम, चार जोडी सफेद धातु

की चूडी बजनी करीब 80 ग्राम, एक जोड़ सफेद धातु की पायल बजनी करीब 150 ग्राम कीमती करीब 11000 रूपये, चार सफेद धातु की चूडी बजनी करीब 60 ग्राम कीमती करीब 6000 रूपये, एक सफेद धातु का चाँदी का गुच्छा बजनी करीब 10 ग्राम कीमती करीब 1500 रूपये, एक पीली धातु का मंगलसूत्र जिसमे सात गुरिया लगे है कीमती करीब 12000 रूपये, पीली धातु के 24 नग छोटे छोटे टुकडे कीतमी करीब 30000 रूपये एक पीली धातु का पेंडल जला हुआ, एवं एक जोड जले हुये टाप्स एक जली हुयी नथ कीमती करीब 23000 रूपये . एक पीली धातु की अंगूठी बजनी करीब आधा तौला कीमती करीब 25000 रूपये 1. एक जोड सफेद धातु की पायल बजनी करीब 150 ग्राम कीमती करीब 8000 रूपये एक जोड सफेद धातु की पायल बजनी करीब 100 ग्राम कीमती करीब 7000 रूपये पाँच जोड सफेद धातु के विछिया कीमती करीब 2000 रूपये के कुल मशरूका 445000 (चार लाख पेतालीस हजार ) -

इस कार्यवाई मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय राजपूत, उनि. रोहित द्विवेदी, प्रियंका पटैल, सउनि अलजार सिंह, सउनि गोबिन्द सिह, सउनि. रघुवीर सिह, सउनि प्रेमसिह, प्रधान आरक्षक अनिल गौतम, प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या आरक्षक नवीन आरक्षक नरेन्द्र, आरक्षक योगेन्द्र, आरक्षक देशराज, आरक्षक कृष्णकुमार, आरक्षक ओमप्रकाश, आरक्षक बाबू, आरक्षक आयुष, महिला आरक्षक इंदु महिला आरक्षक शिखा, महिला आरक्षक रितिका, महिला आरक्षक साक्षी का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस बहुत कुछ ऐसा कर रही होती है, जो आंकडों से परे होता हैः एएसपी अमृत मीणा

बरेली 7 पुलिस बहुत कुछ ऐसा कर रही होती है, जो आंकडों से परे होता है। आंकडे उन मोर्चों की ओर संकेत करते हैं, जिन पर अधिक ध्यान दिया जाना है। पुलिस की पर्दे के पीछे की भूमिका यह होती है कि वह इनको कई गुना होने से बचाती है। जैसे लडाई, चोरी, दुर्घटना सहित अन्य अपराधों के आंकडे भले ही इनमें वृद्धि दिखाते हैं, लेकिन पुलिस की सजगता इन्हे बहुत अधिक कम कर रही होती है। सामुदायिक पुलिसिंग जनता की कई समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से कर रही होती है।

कार्यालय में कई उदाहरण देकर अपनी इस बात स्पष्ट करने वाले रायसेन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा जिले के सर्वाधिक लोकप्रिय अधिकारियों में गिने जाते हैं। अपनी संवेदनशीलता, सकारात्मक सक्रियता, जिले के बारे में गहरी समझ और आगंतुक की भावनाओं को भांपने की समझ जैसे गुणों ने उन्हे जन सामान्य के बीच ऐसा भरोसेमंद अधिकारी बना दिया है, जिनकी सलाह हमेशा ही अच्छी होती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा इस संवाददाता से पुलिसिंग से जुडे गंभीर मुद्दों पर बातचीत करते हुए कार्यालय में आ रहे जिलेभर के आवेदकों की बात पूरे ध्यान से सुनते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण समाधान भी कर रहे होते हैं। इस बीच तलाक के लिए सहयोग पर आमादा एक युवा दंपति इस वायदे के साथ विदा होते हैं कि अब आपस में कभी नहीं लडेंगे। जमीन संबंधी विवाद को भी वे इस बीच निपटा चुके होते हैं।



रायसेन जिले की सभी तहसीलों से कोई न कोई नेशनल हाइवे/फोरलेन गुजरता है। कई स्थानों को 'ब्लेक स्पॉट' के रूप में चिन्हित भी किया गया है। वाहन दुर्घटनाएं रोजमर्रा का मामला है। जिले में हर साल वाहन दुर्घटनाओं में लगभग तीन सौ लोग काल के गाल में समा जाते हैं। पुलिस के लगातार चल रहे अभियानों के बाद भी जिले के अधिकांश नगरों की यातायात व्यवस्था अच्छी नहीं कही जा सकती।इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा का कहना है कि शासन की मंशा दंडात्मक/चालानी कार्यवाही के स्थान पर लोगों को प्रशिक्षित करने की है। जिले में अशासकीय संगठनों और शिक्षण संस्थाओं के माध्यम सुरक्षित–व्यवस्थित यातायात के प्रशिक्षण का क्रम लगातार चल रहा है। इसके अच्छे परिणाम भी सामने इस रूप में आ रहे हैं कि लोगों में जागरुकता बढ रही है। केवल पुलिस के बल पर यातायात व्यवस्था में बहुत अधिक सुधार की अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। दुर्घटना के शिकार हम या हमारे परिजन और मित्र भी हो सकते हैं, यह ध्यान रखते हुए सभी को सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए।

# प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिले के 37 मंडलों में हुआ नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन

धार। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह जिन्होंने गोंड रानी कमलापति जो कि एक महान समाजसेवी थी उनका अपमान किया है द्य कांग्रेस की समाज में फूट डालने वाली और वनवासियों का अपमान करने वाली इस मानसिकता का भाजपा जिला धार घोर विरोध करती है और विरोध स्वरूप प्रदेश भाजपा के आव्हान पर रविवार को दोपहर 2 से 4 बजे के बिच जिले सभी 37 मंडलो में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया।

नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मनोज सोमानी व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा महेंद्र सिंह मेरती द्वारा जिले के टाण्डा मंडल में नेता प्रतिपक्ष गोविन्द सिंह का पुतला दहन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा -जनजातीय योद्धाओं का बलिदान अविस्मरणीय है। कांग्रेस उनका अपमान कर रही है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण और दुर्भावना से ग्रसित है, गोविंद सिंह को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए।

धार नगर मंडल के मोहन टॉकीज चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष के बयान के विरोध में नारे लगाने एवं पुतला दहन किया। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोंदिया ने कहा की नेता प्रतिपक्ष ने रानी कमलापति का अपमान नहीं यह तो पूरे जनजाति समाज का अपमान है। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोंदिया, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ शरद विजयवर्गीय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष विपिन राठौर और नितेश अग्रवाल,पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल जैन बाबा,भाजपा नेता दीपक बाफना, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी,शिव पटेल,आशीष गोयल,अजय फकीरा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा,भाजपा जन जाति मोर्चा से दीपक डामोर,लक्ष्मण पटेल,रवि कटारे,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सौलंकी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री कपिल यादव और अंकित भावसार,अजित जैन, जसप्रीत डंग, नवदीप सिंह चौहान, राजेश डाबी, उपस्थित थे।

# ग्राहक पंचायत की कार्यप्रणाली कर रही है ग्राहकों को जागरूक

रतलाम। अखिल भारतीय ग्राहक ग्राहक पंचायत की कार्यप्रणाली 50 सालों से ग्राहकों को जागरूक कर रही है। ग्राहकों के मामले में यह बहुत बड़ा सार्थक प्रयास है। केवल वस्तुओं के मामले में ही नहीं अपितु सेवा के मामले में भी जन-जन को जागरूक किया जा रहा है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय साधारण सभा में देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई और क्रियान्वयन को लेकर योजनाएं बनाई गई।




यह विचार शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने व्यक्त किए। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की तीन दिवसीय राष्ट्रीय साधारण सभा के समापन समारोह में श्री काश्यप बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण भाई शाह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस, राष्ट्रीय सचिव अरुण देशपांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल मंचासीन थे।

श्री काश्यप ने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की साधारण सभा रतलाम में हुई। शहर के लिए गौरव की बात है। ऐसे आयोजन आगे भी होते रहे। निश्चित रूप से तीन दिवसीय राष्ट्रीय साधारण सभा में ग्राहकों के हित में चिंतन मनन हुआ। संगठन के स्वरूप में विकास कार्य मूर्त रूप ले रहे हैं। वैसे भी राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सबनीस जी का मालवा से विशेष लगाव है।

प्रारंभ में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शाह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सबनीस, राष्ट्रीय सह सचिव श्री कथेरिया का पुष्पगुच्छ से शहर विधायक श्री काश्यप ने स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शाह ने शहर विधायक श्री काश्यप को स्मृति चिह्न भेंट किया।समापन सत्र के आयोजन में भाजपा नेता मनोहर पोरवाल, अशोक जैन लाला, मणिलाल जैन, राजेश पगारिया कमलेश मोदी, महेंद्र भंडारी, श्याम लालवानी, अशोक देवड़ा, श्याम धाकड़ मौजूद थे। संचालन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव अनुराग लोखंडे ने किया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला मीडिया प्रभारी हेमंत भट्ट ने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की तीन दिवसीय राष्ट्रीय साधारण सभा में 11 सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 3 सत्र राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए आयोजित किए गए और 8 सत्रह विभिन्न प्रांतों से आए 200 पदाधिकारियों के लिए हुए। इन सत्रों में ग्राहक जागरूकता के क्षेत्र में विभिन्न तरीके अपनाने पर बल दिया गया।

# खंडवा स्टेशन के कायाकल्प में जुटा भुसावल मंडल 30 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य

## तीन पुलिया के नाले और सड़क की बदहाल स्थिति को जल्द बदलेगा रेलवे

खंडवा। रेलवे मंत्रालय की मंशा अनुसार भुसावल मंडल द्वारा खंडवा स्टेशन पर निर्माण विभाग के विभिन्न कार्य प्रगति पर हैं, जैसे- खंडवा स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 05 कार्य प्रगति पर हैं सभी यात्रियों के सुख-सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशन के कवर ओवर प्लेटफॉर्म मरम्मत का कार्य चल रहा है साथ ही वैक्यूम डीवाटरिंग के साथ फर्श और कोटा पत्थर एवं यात्रीगण के लिए बैठने की छोटी व्यवस्था शेड, वाटर बूथ, सार्वजनिक शौचालय आदि पूरे होने के कगार पर हैं , भुसावल मंडल के पी आर ओ श्री जीवंत जी ने बताया खंडवा रेलवे स्टेशन के सभी कार्य 30 अप्रैल तक पूरे हो जाएंगे। वर्तमान में ट्रेन कैरिज वाटरिंग अरेंजमेंट का काम चल रहा है जो मई 2023 तक प्लेटफॉर्म नंबर 1 के लिए पूरा हो जाएगा रेलवे जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि 05 पंक्ति के अंतर्गत खंडवा यार्ड में भुसावल छोर से कनेक्टिविटी की योजना चरण 2 कार्यों में अतिरिक्त क्रॉस ओवर और खंडवा यार्ड में सिग्नल के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की मदद से की गई है। इसे भी पूरा करने का लक्ष्य भुसावल मंडल द्वारा दिसंबर 2023 निश्चित किया गया है। पी आर ओ जीवंत जी ने बताया कि खंडवा यार्ड के पास पहुंचने पर, रामेश्वर पुलिया नामक मेट्रो स्थित है जहां उच्च वाहनों को समायोजित करने के लिए मेट्रो के माध्यम से अतिरिक्त सड़क का प्रावधान




प्रगति पर है वहीं ब्रिज स्पैन नं 03(तीन पुलिया) को पर्याप्त संख्या में हेवी ड्यूटी ह्यूम पाईप उपलब्ध करायी जा रही है जिससे जल निकासी की सुविधा और भी बेहतर हो और भविष्य में आवश्यकता होने पर रेलवे प्रशासन द्वारा पक्की सड़क उपलब्ध करायी जा सके. वर्तमान में चल रहे सभी कार्य सुरक्षा और गुणवत्ता को अत्यधिक ध्यान रखते हुए किया जा रहा है। जनसंपर्क अधिकारी श्री जीवंत जी ने बताया कि इन सभी निर्माण कार्यों को 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा।

## नपाध्यक्ष ज्योति ने किया भूमि पूजन



छतरपुर। नगर पालिका के वार्ड नंबर 3 में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा रविवार को भूमि पूजन किया गया और संबंधित ठेकेदार को जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करने के लिए निर्देशित किया। नपाध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया और सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के निर्देशन में टेंडर प्रक्रिया पुर्ण होते ही शहर के वार्डो में निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 3 में 14.84 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर संबंधित उपयंत्री और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया, पार्षद धीरज गुप्ता, उपयंत्री बाबूराम चौरसिया, इजहार खान सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

# उद्योग- किसान की सिंचाई के हिस्से के पानी से होगा !

## 06 से 08 घण्टे लाइट देने पर भी किसान में नाराज़

औबेदुल्लागंज। गोदर नदी के डेम से आने वाले पानी से भोजपुर तक के किसानो की नहर पर व्यवसायीकरण के लिए पाइप लाइन द्वारा पानी लिये जाने के विरोध स्वरूप किसानों द्वारा बैठक की गई।

रविवार शाम तामोट के किसान एकत्रित हुए एवं समस्या पर निष्कर्ष निकालने की अगली रूप रेखा बनाई। मीडिया की मौजूदगी में किसानों ने कहा कि गोदर नदी हमारी जीवनदायनी नदी है। डेम के पानी का स्तर गिर रहा है वहीं, इस बार 15 नवंबर से, अक्टूबर फिर दिसंबर में नहर का पानी किसानों को मिला है। किसानों ने कहा कि हम औद्योगिकरण के विरोध में नहीं हैं, बस हमारे पानी का स्तर बढ़ा दिया जाये। किसानों ने 10 घण्टे लाइट नही दी जाने पर भी नाराज़गी व्यक्त की। किसान डीज़ल से इंजन के माध्यम से पानी उठाने को मजबूर हैं। आपको बता दें कि हाल में तमोट के किसानों को 06 से 08 घण्टे ही बिजली मिल रही है। किसानों का कहना है कि हमारे साथ वन्यजीवों को भी पर्याप्त पानी मिलना चाहिए। नहर के पूर्व अध्यक्ष गौरव चौहान द्वारा बताया गया कि अगर समय पर शासन ने ध्यान नही दिया तो, आने वाले समय में किसानों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि लागभग तीन सालों से नहर के चुनाव नही हुए।

सूत्रों की माने तो तामोट स्थित प्लास्टिक पार्क के अलावा 80 एकड़ का अलग प्रोजेक्ट शुरू होने को है। उक्त स्थल के लिए भी पानी किसानों के हिस्से से लिया जाने के आरोप है। समय पर उचित निष्कर्ष नही निकाला गया तो, उक्त परेशानी से पानी के लिए 05 हज़ार से ऊपर किसानो के परिवार बर्बादी की कगार पर आ जायेगें। किसान पानी का श्रोतों को बढ़ाने की बात कह रहे थे। किसान जल स्तर बढ़ाकर पाइप लाइन का काम शुरू करने की मांग शासन से कर रहे हैं। उक्त समस्या को लेकर किसान कलेक्टर के पास जाने का मन बना चुके हैं। सूत्रों की माने तो, एकेबीएन द्वारा 10 हज़ार हैक्टेयर पर औद्योगिकीकरण करने की योजना है।20 गाँव के किसानो को अद्योगिक क्षेत्र की इकाई होने से प्रभावित होना बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि उद्योगों की गंदगी पानी के सहारे साफ की जायेगी, जिससे पानी दूषित होगा। किसानों का आरोप है कि हमे कमांडएरिया में भी भ्रमित रखा गया है वहीं, 05 लाख से 50 लाख लीटर प्रतिदिन पानी प्लास्टिक पार्क के अलावा 80 एकड़ के अन्य प्रोजेक्ट के उपयोग में लिया जा रहा है। बताया गया कि पाइप लाइन का कार्य ने कालीतलाई,



बांसगेंज तक नहर को खोद दिया गया है। गोदर नदी के बहाव के साथ अधिक छेड़छाड़ की गई तो, 10 हज़ार हैक्टेयर के किसान सूखे की चपेट में आने या डूब में आने का अंदेशा हमेशा बना रहेगा। किसानों का आरोप है कि उक्त उद्योग की पुलिया कार्य के लिए 03 महीने तक किसानो की नहरें रोककर रखी गईं। किसानों का कहना है कि पहले हमें भृम में रखा गया, इस कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। किसान शासन के एरिगेशन विभाग के बाद कलेक्टर व स्थानीय विधायक के पास शिकायत लेकर पहुंचने का मन बना चुके हैं। किसान स्वयं के साथ वन्य प्राणियों के पीने के पानी की सुरक्षा की बात भी कर रहे हैं। किसानों ने शांतिपूर्ण आंदोलन की बात भी कही। विधानसभा चुनाव जल्द हैं वहीं, दौबारा तमोट के किसान सुर्खियों में हैं।

# सभी व्यापारियों को दाल का स्टॉक घोषित करना जरूरी



**इंदौर , एजेंसी।** भारत सरकार खाद्य विभाग उपभोक्ता मामले मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में देश के दाल इंडस्ट्रीज दाल मिल की मीटिंग कलेक्टर कार्यालय इंदौर में संपन्न हुई जिसमें माननीय सचिव महोदय द्वारा जानकारी दी गई वर्तमान में भारत सरकार देश के 12 केंद्रीय वरिष्ठ अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग व्यापारियों से अलग-अलग दाल मिलर व अन्य कंपनियां अलग-अलग चर्चा कर रही है .1. निर्देश दिए हैं कि तुवर और उड़द की संपूर्ण जानकारी हिंदुस्तान के समस्त व्यापारी समस्त दाल मिलर समस्त कंपनियां ...समस्त छोटे व्यापारी को पोर्टल पर अनिवार्य देने के निर्देश दिए गए तथा अनिवार्य किया गया है .2. सभी व्यापारियों से स्पष्ट निर्देश दिए कि वह अपने यहां तुवर और उड़द का होल्डिंग ना करें माल की दाल बनाएं उत्पादन करेंऔर विक्रय करें तथा व्यापारी होल्डिंग ना करें, 3.सरकार की ओर से आपको सलाह दी जा रही है की आम जनता को कम से कम मूल्य पर दाल उपलब्ध कराएं,.4. ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने सरकार से अनुरोध किया है कि दान मिलर तो माल मंगा कर कारखाने में दाल बनाने का प्रयत्न करते हैं और उसी आवश्यकता अनुसार मशीन में तुवर प्रोसेस में कारखाने में उत्पादन प्रक्रिया में मौजूद रहती है और कोशिश करते हैं कि जल्दी से जल्दी दाल विक्रय करें,5 महाराष्ट्र संस्था के उपाध्यक्ष अनिल सुरेखा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रुपेश राठी ने काफी सुझाव रखे, 6. गुजरात से पधारे यमुना इंडस्ट्रीज के मालिक हेमल भाई तथा कल्पना दाल इंडस्ट्रीज के जागेश बंसल ने भी अपने सुझाव रखे, 7. मधुरम पल्सेस अनिल गुप्ता ने भी माननीय सचिव महोदय के समक्ष मंडी टैक्स की समस्या एवं दोहरा मंडी टैक्स लग रहा है एवं जब दाल का विक्रय यूपी में करते हैं तो वहां मंडी टैक्स और लगता है इस प्रकार एक ही वस्तु पर अनेक बार बार मध्यप्रदेश के व्यापारी को टैक्स मंडी टैक्स चुकाना पड़ता है उसकी समस्त जानकारी दी एवं पूरे देश में 50 पैसे मंडी टैक्स करने का अनुरोध।

# पुरुषोत्तम रूपाला ने पशु महामारी तैयारी पहल और विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित पशु स्वास्थ्य प्रणाली वन हेल्थ के लिए समर्थन की शुरुआत की

**दिल्ली।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परषोत्तम रूपाला ने एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत की तैयारियों और संभावित पशु महामारी की प्रतिक्रिया को बढ़ाने के लिए वन हेल्थ के लिए पशु महामारी तैयारी पहल और विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित पशु स्वास्थ्य प्रणाली समर्थन की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य जानवरों और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरा पैदा करने वाले जूनोटिक रोगों पर ध्यान देने के साथ पशु महामारी के लिए भारत की तैयारी और प्रतिक्रिया को बढ़ाना है। यह पहल पशु चिकित्सा सेवाओं और बुनियादी ढांचे, रोग निगरानी क्षमताओं, शीघ्र पहचान और प्रतिक्रिया, पशु स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता का निर्माण, और सामुदायिक आउटरीच के माध्यम से किसानों के बीच जागरूकता में सुधार करने में मदद करेगी।

इस आयोजन में ÷?नीमल हेल्थ सिस्टम सपोर्ट फॉर वन हेल्थ (ए.एच.एस.एस.ओ.एच)÷ पर विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना का शुभारंभ भी किया गया, जिसका उद्देश्य भारत में पांच (05) राज्यों को कवर करने वाले वन हेल्थ दृष्टिकोण का उपयोग करके बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परषोत्तम रूपाला ने कहा, ÷भारत एक विविध पशु प्रजातियों का घर है, और पशुधन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि, हम उभरती और जूनोटिक बीमारियों से उत्पन्न खतरों के प्रति भी संवेदनशील हैं। पशु महामारी तैयारी पहल हमारे पशु संसाधनों की रक्षा करने और हमारे लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए एक सक्रिय कदम है। पशु महामारी तैयारी पहल और विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित ÷एक स्वास्थ्य के लिए पशु स्वास्थ्य प्रणाली सहायता÷ समग्र तरीके से पशु महामारियों को संबोधित करने के लिए व्यापक प्रयास हैं। हमारी पशु स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करके और वन हेल्थ दृष्टिकोण को लागू करके, हम जूनोटिक रोगों को बेहतर ढंग से रोक और नियंत्रित कर सकते हैं, जो न केवल हमारे जानवरों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करते हैं, बल्कि महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव और मानव स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को भी प्रभावित करते हैं।

# प्रोडक्ट इनोवेशन और कस्टमर सेंट्रिसिटी के साथ हायर इंडिया का 2024 तक 100 बिलियन टर्नओवर का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** हायर, जो कि होम एप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में एक ग्लोबल लीडर होने के साथ साथ लगातार 14 वर्षों से मेजर एप्लायंसेज की दुनिया में नंबर 1 ब्रांड है, ने आज घोषणा करते हुए बताया कि ब्रांड का उद्देश्य साल 2024 के अंत तक अपने सभी होम एप्लायंसेस और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक वन स्टॉप सॉल्यूशन बनकर 10,000 करोड़ रुपये के कारोबार के लक्ष्य को तय करना है। यह आंकलन क्रमशः साल 2023 और साल 2024 में राजस्व में 40त्त एवं 30त्त की अपेक्षित वृद्धि के अनुरूप है। हॉयर इंडिया का मार्किट आउटलुक प्रोडक्ट इनोवेशन तथा इंडस्ट्री में मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस के निर्माण के लिए लगातार प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित है।




हमेशा से ही अपने मूल में ग्राहक केंद्रित होने के साथ, कंपनी ने इंडस्ट्री में कई सबसे पहले प्रोडक्ट लॉन्च किये हैं जिनमे 3 डोर साइड-बाय-साइड (एसबीएस) रेफ्रिजरेटर, बॉटम माउंटेड रेफ्रिजरेटर (बीएमआर), ग्लास डोर रेफ्रिजरेटर, सेल्फ-क्लीन इन्वर्टर एवं वाशिंग मशीन में एंटी - स्केलिंग टेक्नोलॉजी, वॉटर हीटर्स में शॉक प्रूफ टेक्नोलॉजी, एयर कंडीशनर में सेल्फ-क्लीनिंग जैसे कई अन्य प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इसके अलावा ग्लोबल आरएंडडी द्वारा बाजार से हासिल फीडबैक और टेक्नोलॉजी - ड्रिवन सोल्यूशंस को आत्मसात करने के लिए एक मजबूत रिसर्च शाखा का लाभ उठाते हुए, कंपनी ने भारत में कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडस्ट्री में होम एप्लायंसेस का सबसे व्यापक पोर्टफोलियो बनाया हुआ है।

# 30 लाख लेपटॉप निर्माण की नई इकाई लगेगी: सखलेचा

**भोपाल।** रविवार, अप्रैल 16, 2023, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने के लिए प्रदेश के हर घर से एक व्यक्ति को डिजीटली साक्षर बनाया जाएगा। प्रदेश में 30 लाख लेपटॉप निर्माण की नई यूनिट भी प्रारंभ की जा रही है। यह बात प्रदेश के एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने रविवार को जावद में एमएसएमई विभाग द्वारा खाद्य प्रसंस्करण आधारित एमएसएमई की स्थापना पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला एवं उन्नत कृषकों की संगोष्ठी के शुभारंभ समारोह में कही। विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध मारू, इन्टेल कंपनी के पूर्व वाइस प्रेसीडेंट श्री सी.एस.राव, ट्रोपोलाइट फूड इंडस्ट्रीज ग्वालियर की डॉ.सोनाली सक्सेना, डॉ.राजीव त्यागी, ईएण्डवाय के प्रतिनिधि श्री सुनीलकुमार साई, सी.एफ.टी.आर.आई.मैसूर की डायरेक्टर श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह, वैज्ञानिक डॉ.उमेश हैदर, डॉ.प्रवीण सिह नेगी, डॉ.आर.बी.श्रीधर सहित कई वैज्ञानिक, उद्योगपति, नव-उद्यमी, एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

एमएसएमई मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। नीमच जिले में एक वर्ष में 196 नये उद्योग स्थापित हुए हैं, साथ ही जिले में पाँच नये औद्योगिक क्लस्टर बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि जिले में उन्नत कृषि को देखते हुए खाद्य प्र-संस्करण उद्योगो की नई श्रृंखला स्थापित करने की अपार संभावनाएँ हैं। विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध मारू ने कहा कि नीमच जिले में कृषि आधारित उद्योगों के क्षेत्र में अपार सभावनाएँ हैं।



बेंगलुरू से विशेष रूप से आए इन्टेल के पूर्व वाइस प्रेसीडेन्ट श्री सी.एस.राव ने कहा कि आज डिजिटल इण्डिया काफी महत्वपूर्ण है। हम कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों के लिए विशेष रूप से लेपटाप तैयार कर रहे है। प्रदेश के भोपाल और इंदौर में 30 लाख लेपटॉप निर्माण की यूनिट शीघ्र ही शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया आपका इंतजार कर रही है। डिजीटल इंडिया के माध्यम से कदम आगे बढ़ाएँ।

ट्रोपोलाईट फूड इंडस्ट्रीज ग्वालियर के प्रतिनिधियों डॉ.सोनाली सक्सेना, श्री राजीव त्यागी, डा.प्रवीण सिंह ने अपनी कंपनी द्वारा उत्पादित खाद्य पदार्थों के बारे में विस्तार से प्रजेन्टेशन देते हुए मिलेट मिशन में मोटे अनाज की फूड प्रोसेसिंग इकाई स्थापना के बारे में बताया। ई एण्ड वाय के प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार सांई ने नीमच जिले में खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों की स्थापना के मद्देनजर फिजीबिलीटी स्टडीज के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए औषधीय, डेयरी, फल एवं सब्जियों की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना की लागत और मशीनरी आदि के बारे में विस्तार से प्रजेन्टेशन दिया।

महाप्रबंधक उद्योग श्री अमरसिह मौरे ने नीमच जिले में स्थापित औद्योगिक इकाईयाँ प्रदेश में लागू की गई नई एमएसएमई पॉलिसी, उद्योगों की स्थापना पर मिलने वाले अनुदान, भूमि आवंटन, निजी औद्योगिक कलस्टर की स्थापना आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रजेन्टेशन दिया।

सीएफटी आर.आई. मैसूर की संचालक डॉ. श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह ने सीएफटीआरआई के कार्यों, रिसर्च, टेक्नॉलाजी डेवलपमेंट, स्किल डेवलपमेंट तथा फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए जरूरी तकनीक एवं मशीनरी आदि के बारे में विस्तार से प्रजेन्टेशन देते हुए नवउद्यमियों को हर सम्भव सहयोग का विश्वास दिलाया।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में उद्यानिकी एवं कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों ने नीमच जिले के प्रमुख कृषि उत्पादों की जानकारी दी और इन उत्पादों का प्रसंस्करण कर उत्पाद तैयार कर, विपणन की व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सफल उद्यमियों, उद्योगपतियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

प्रारंभ में एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। महाप्रबंधक उद्योग श्री अमरसिह मौरे ने अतिथियों, वैज्ञानिकों और वक्ताओं का पुष्पहारों से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश पाटीदार एवं डॉ. यतिन मेहता ने किया। अंत में महाप्रबंधक उद्योग श्री मौरे ने आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला में जिले के जनप्रतिनिधि, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, गणमान्य नागरिक, उद्योगपति, नवउद्यमी, एंटरप्रेन्योर एवं बडी संख्या में जिले के उन्नत किसान उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले- भारत के रिकॉर्ड 770 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात से उत्साह चरम पर

**रोम एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को 2022-23 में भारत के रिकॉर्ड 770 बिलियन अमरीकी डालर के निर्यात पर कहा कि इससे भारत का उत्साह चरम पर है और सभी निर्यातकों ने एक साथ आगे बढ़ने का आश्वासन दिया है। गोयल यहां दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा देने के तरीके खोजने और इस विषय में निजी क्षेत्र तथा नेताओं के साथ चर्चा करने के लिए आधिकारिक दौरे पर आए हुए हैं। वह भारत-फ्रांस कारोबारी सम्मेलन में शामिल होने के लिए पेरिस भी गए थे।



उन्होंने कहा, उत्साह बहुत अधिक है और सभी निर्यातकों ने मुझे आश्वासन दिया है कि हम और आगे बढ़ेंगे। भारत-इटली बिजनेस समिट में इस मामले पर बोलते हुए, गोयल ने कहा कि भारत का कुल निर्यात 2022-23 में 770 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। यह एक सर्वकालिक उच्च रिकॉर्ड है, जो 2020-21 में 500 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर 2021-22 में 676 बिलियन अमरीकी डालर हो गया है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में नरमी देख रही है, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मंदी आ रही है लेकिन भारत ने ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में लगभग 100 बिलियन अमरीकी डालर की और वृद्धि दर्ज करते हुए 770 बिलियन अमरीकी डालर को पार कर लिया है ।

इससे पहले उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में भारत किसानों और डेयरी क्षेत्र के हितों की पूरी तरह से रक्षा करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए वार्ता का शीघ्र समापन हो सके इसके लिए इटली और फ्रांस ने पूर्ण समर्थन की पेशकश की है। उन्होंने बताया कि इटली और फ्रांस में बैठकों के दौरान भारत ने दोनों क्षेत्रों में भिन्न आर्थिक परिस्थितियों और प्रति व्यक्ति आय पर जोर दिया। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के व्यवसायों को भारत जिस प्रकार के कारोबारी अवसर दे सकता है वह दुनिया में कोई और नहीं दे सकता।

उन्होंने कहा, ''इसे ध्यान में रखते हुए हम एफटीए करेंगे। हम किसानों और डेयरी क्षेत्र के हितों की रक्षा करेंगे... हमने यूएई तथा ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौतों में भी ऐसा ही किया है।'' भारत और यूरोपीय संघ के मुख्य वार्ताकार पांचवें दौर की वार्ता के लिए 19-23 जून तक नई दिल्ली में मुलाकात करेंगे। वाणिज्य मंत्री गोयल ने यह भी बताया कि अमेरिका की आईफोन विनिर्माता कंपनी एप्पल भारत में अपने परिचालन का लगातार विस्तार कर रही है और भारत सरकार उसके कारोबार को समर्थन देने के लिए कंपनी के संपर्क में बनी हुई है। भारत में एप्पल की पूर्ण विनिर्माण इकाई शुरू होने संबंधी कंपनी की योजना के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में गोयल ने कहा, ''एप्पल भारत में अपने परिचालन का लगातार विस्तार कर रही है। हम एप्पल के लगातार संपर्क में हैं।

# श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए पूरा समर्थन देगा भारतः सीतारमण

**वॉशिंगटन एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण श्रीलंका के ऋण मुद्दों को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हुईं और उन्होंने संकटग्रस्त देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए भारत की ओर से पूरा समर्थन देने की प्रतिबद्धता भी जताई। सीतारमण ने कहा कि ऋण पुनर्गठन चर्चाओं में सभी लेनदारों के साथ व्यवहार में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित करने के लिए लेनदारों के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है। यह बैठक बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की सालाना वसंत बैठकों से इतर हुई।

एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि जापान के वित्त मंत्री सुजुकी शुनिची, श्रीलंका के वित्त राज्यमंत्री शेहान सेमासिंघे और इमैनुअल मॉलिन के अलावा फ्रांस के अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे। इसमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस बैठक में, मंत्रियों ने श्रीलंका के समन्वित ऋण पुनर्गठन के लिए तीन सह-अध्यक्षों- भारत, जापान और फ्रांस के तहत श्रीलंका पर ऋण पुनर्गठन वार्ता प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। सीतारमण ने कहा है कि जी20 और जी7 के सदस्य देशों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय के लिए भारत और जापान मिलकर काम कर सकते हैं। इस वर्ष जी20 की अध्यक्षता भारत के पास है जबकि जी7 का मौजूदा अध्यक्ष जापान है।



# डीएचएफएल शाखाओं में अनियमितता पर चार लेखा परीक्षकों पर लगा एक साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) की शाखाओं के लेखा परीक्षण में 2017-18 में पेशेवर अनियमितता करने के आरोप में चार लेखा परीक्षकों पर जुर्माना और एक साल का प्रतिबंध लगाया है। पीरामल समूह के स्वामित्व और नियंत्रण वाली डीएचएफएल एक सूचीबद्ध कंपनी है और अब इसे पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता है। एनएफआरए ने चार अलग-अलग आदेशों में चारों लेखा परीक्षकों- मैथ्यू सैमुअल, सैम वर्गीज, हरीश कुमार टी के और एम भास्करन पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। सभी लेखा परीक्षक फर्म के वर्गीज एंड कॉरपोरेशन के साझेदार हैं। आदेश के मुताबिक, सभी आरोपियों को एक साल के लिए किसी कंपनी या निकाय कॉरपोरेट के कार्यों और गतिविधियों के आंतरिक ऑडिट करने से रोक दिया गया है।

# घर-जमीन... सब बिक गया, 80 रुपए महीने में गाय चराई, आज घी से सालाना 8 करोड़ का बिजनेस, 123 देशों में कस्टमर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गरीबी इतनी थी कि पेट पालना मुश्किल था। हम लोग दूसरों की गाय चराते थे, इसके बदले महीने के महज 80 रुपए मिलते थे। घर ऐसा कि बरसात के दिनों में, बाहर से ज्यादा घर के अंदर पानी बरसता था। कई बार तो ऐसा हुआ कि सड़क के किनारे लगे सुरंग में सोना पड़ा। मां दूसरों के घरों में काम करती, तब जाकर दो वक्त की रोटी नसीब हो पाती। बाद में जिन गायों को लोग सड़कों पर छोड़ देते थे, उन गायों को मैंने पालना शुरू किया। पहले दूध बेचा... फिर घर-घर जाकर घी।

आज जो गौशाला आप देख रहे हैं, यहां 250 से ज्यादा गाय हैं। इसके घी से सालाना 8 करोड़ का बिजनेस है। 123 देशों में घी को एक्सपोर्ट करता हूं। अनपढ़ हूं, लेकिन कॉलेज-यूनिवर्सिटी में लेक्चर और ट्रेनिंग देने के लिए जाता हूं। सफल एंटरप्रेन्योर बनने के तरीके बताता हूं।'

गुजरात का गोंडल शहर। राजकोट जिले से 40 किलोमीटर दूर... 'श्री गीर गौ कृषि जतन संस्था'। 45 साल के सफेद कुर्ता-पजामा पहने रमेश भाई रूपारेलिया गायों को चारा खिला रहे हैं। यहीं पर मेरी उनसे बातचीत हो रही है। इस दौरान वो बार-बार गायों के माथे पर हाथ फेरते हुए कह रहे हैं, 'यदि गाय मेरी जिंदगी में नहीं होती, तो मैं किसी गैराज में गाड़ी की सफाई कर रहा होता। पढ़ा-लिखा नहीं हूं, तो क्या ही करताज।'

रमेश भाई जब अपने पुराने दिनों में लौटते हैं, तो उनकी आंखें कई सारे दर्द को समेटे हुए दिखाई देती हैं। वो बताते हैं, 'हम लोगों के पास कहने को तो 10 एकड़ जमीन थी, लेकिन बंजर। घर चलाने के लिए हम लोग दूसरे लोगों की गाय चराने के लिए जाते थे। मैं नाम का 7वीं तक पढ़ा... लिखना-पढ़ना कुछ नहीं आता। गाय चराने से महीने के 80 रुपए मिलते थे। इसी बीच पापा को लगा कि यदि छोटी-सी गौशाला खोल लें, तो शायद घर के हालात ठीक हो जाए। उन्होंने कुछ गायें तो खरीदी, लेकिन फायदा होने के बदले हम लोग कर्ज में डूब गए। घर-जमीन सब कुछ बेचना पड़ा। अब न रहने के लिए कोई आसरा था, और न खाने के लिए दाने।

# एमजी मोटर इंडिया ने अपने स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन का उत्पादन शुरू होने का संकेत देते हुए अपना पहला 'कॉमेट' पेश किया

**गुरुग्राम।** एमजी मोटर इंडिया ने अपने स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन - कॉमेट का उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है, और गुजरात में हलोल प्लांट से इसकी पहली यूनिट सड़क पर उतार दी गई है। विश्वप्रसिद्ध जीएसईवी प्लेटफॉर्म पर आधारित, एमजी कॉमेट में इनोवेटिव और भविष्य की डिज़ाईन लैंग्वेज़ है, जो सभी का ध्यान आकर्षित करेगी।




जीएसईवी प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताओं में से एक है इसकी बहुमुखी उपयोगिता और केबिन में विशाल जगह। इसलिए यह शहरी कम्युटर्स के लिए उत्तम है। यह प्लेटफॉर्म उपयोग को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित करके विकसित किया गया है, जो भीड़ भरी सड़कों पर सुगम मैन्योवरिंग और आसानी से पार्क करने की क्षमता प्रदान करता है। जीएसईवी प्लेटफॉर्म पर बने वाहन विश्व के बाजारों में बहुत सफल रहे हैं, और अभी तक इनकी 1 मिलियन से ज्यादा यूनिट्स बेची जा चुकी हैं।

जीएसईवी प्लेटफॉर्म के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें ठोस स्टील का ढांचा वाहन की बॉडी के लिए बहुत मजबूत आधार प्रदान करता है, और एयरबैग्स यात्रियों की अधिकतम सुरक्षा प्रदान करते हैं। एमजी कॉमेट में सुरक्षा का स्तर और ज्यादा बढ़ गया है। इसमें पूरी व्हाईट बॉडी में फैले 17 हॉट स्टैंपिंग पैनल हैं, जिससे वाहन की सुरक्षा और ज्यादा मजबूत बन जाती है।

पहला प्रोडक्शन कॉमेट वाहन सड़क पर उतारने के बारे में बीजू बालेंद्रन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''नीलसन द्वारा हाल ही में किए गए अर्बन मोबिलिटी हैप्पीनेस सर्वे में सामने आया कि आवागमन के मामले में शहरी कम्युटर्स की पसंद कंपैक्ट स्मार्ट वाहनों की ओर है। एमजी में हम इनोवेटिव और सस्टेनेबल मोबिलिटी समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमजी कॉमेट के साथ हम भविष्य का एक व्यवहारिक अर्बन इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेंगे।

# एसीसी लिमिटेड ने महिला-केंद्रित 'रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट'

## शुरू करने के लिए इंडीविलेज फाउंडेशन के साथ की साझेदारी

**कटनी।** अडानी सीमेंट की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी और अडानी समूह का हिस्सा एसीसी लिमिटेड ने महिला-केंद्रित 'रूरल बीपीओ पायलट प्रोजेक्ट' लॉन्च करने के लिए इंडीविलेज फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इस तरह एसीसी ने ग्रामीण भारतीय महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह पालयल प्रोजेक्ट किमोर और अमेठा में एसीसी संयंत्र के आसपास रहने वाली महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था। पायलट प्रोजेक्ट एक एचपी-डब्ल्यूओडब्ल्यू (वर्ल्ड ऑन व्हील्स) बस पर शुरू हुआ, जिसमें इंटरनेट कनैक्शन समेत 20 कंप्यूटर लगाए गए हैं। इस तरह यह वाहन इस प्रोजेक्ट के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। यह



ग्रामीण बीपीओ प्रोजेक्ट इंडीविलेज टेक सॉल्यूशंस एलएलपी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो इंडीविलेज फाउंडेशन की एक संबद्ध इकाई है, जो एक्सपर्ट डेटा एनोटेशन, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के क्षेत्र में काम करती है।

डेटा एनोटेशन, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम करने से पहले इन महिलाओं को स्थानीय स्तर पर 15 दिनों के लिए इंडीविलेज टेक सॉल्यूशंस एलएलपी की विशेषज्ञ तकनीकी टीम द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। 3 महीने के लंबे पायलट प्रोजेक्ट में 20 लड़कियों को सफलतापूर्वक शामिल किया गया था, जिनमें से 19 को प्रशिक्षित किया गया है और इंडीविलेज टेक सॉल्यूशंस एलएलपी द्वारा इन्हें डेटा प्रोसेसिंग एनालिस्ट (डीपीए) के रूप में नियुक्त किया गया है। जबकि एक महिला को टीम लीड के तौर पर नियुक्त किया गया है। ये महिलाएं अब प्रति माह क्रमशः 11,000 और 22,000 रुपए प्रति माह अर्जित कर रही हैं। इस अनूठे इनोवेटिव प्रोजेक्ट के सफलतापूर्वक संचालन के साथ, केंद्र को अप्रैल 2023 के अंत तक 46 महिलाओं की एक टीम में अपग्रेड किया जा रहा है। 33 लड़कियों को पहले ही शामिल किया जा चुका है और 13 और महिलाएं शामिल की जाएंगी और इस तरह सभी को एक सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण के साथ-साथ अपने घरों पर ही एक स्थिर आजीविका प्राप्त होगी। इस ग्रामीण बीपीओ प्रोजेक्ट के लिए एक डेडिकेटेड और डिजिटल रूप से सुसज्जित फिजिकल वर्कस्पेस है, जिसका उद्घाटन कटनी के जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने 22 अक्टूबर 2022 को किया था। सफल पायलट प्रोजेक्ट ने एसीसी और इंडीविलेज फाउंडेशन के सीनियर मैनेजमेंट को दिसंबर 2023 तक 100 लोगों वाले टेक सेंटर के तौर पर इस केंद्र का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। इससे क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। यह प्रोजेक्ट महिलाओं की कई समस्याओं का समाधान प्रदान करता है।

## सुजीत विश्वकर्मा बने ब्लाक अध्यक्ष आकाश ठाकुर बने उपाध्यक्ष

### राष्ट्रीय हिंदू सेना की बैठक संपन्न



**छिंदवाडा ।** राष्ट्रीय हिंदू सेना जिला अध्यक्ष यमन साहू जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव छात्र परिषद जिलाध्यक्ष विजय गौली जिला गौरक्षा प्रमुख विजय सिंह ठाकुर जिला सहमंत्री मोनू यादव की सहमति से बिछुआ ब्लाक की कार्यकारिणी गठित कर युवाओ को निम्न पदो की नियुक्ती हुई एंव चांद बाजार से हो रही गौवंश तस्करी की रोकथाम को लेकर बिछुआ थाना मैं ज्ञापन सौंपकर हो रही पैदल गौवंश तस्करी मे रोकथाम की जाये यह बैठक ब्लाक अध्यक्ष दीपक निर्मलकर ब्लाक अध्यक्ष निक्की पाटिल नगर अध्यक्ष ऋषि लाला के निर्देशन मे बैठक सम्पन्न हुई बैठक मे संगठन से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है ओम के उच्चारण के साथ बैठक का सुभारम्भ किया गया बैठक मे समाज सेवा, हिंदुत्व, गौरक्षा, माताओ बहनो की रक्षा, एवम जिले मे हो रहे लब जिहाद रोकने व अन्य समाज सेवाओ के लिए हिन्दू युवाओ को जागरूक किया गया सभी युवाओं को संगठन में कार्य करने की पध्दति समझाई गई और जय श्रीराम के नारे लगाकर बैठक का समापन किया गया।

## ऋचा तिवारी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**छिंदवाड़ा ।** उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे छिंदवाड़ा निवासी स्व. रामनाथ तिवारी की पुत्री ऋचा तिवारी को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से पीएचडी पूर्ण करने पर डॉक्टरेड की उपाधि प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन में बताया गया कि ऋचा तिवारी ने इतिहास विषय में, भोपाल रियासत के विलीनीकरण में प्रजा मंडल की भूमिका 1947 से 1950 शीर्षक पर निर्देशक डॉ बीसी जोशी, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम, के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया एवं उपाधि प्राप्त की । ऋचा तिवारी अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, माता पिता और गुरुजनों, पति अमित भट्ट एवं परिवार के पूर्ण सहयोग और मित्रों की सहभागिता को देती है।



## गाडरवाडा जिलेहरी पट प्रतियोगिता में रंजीत पटेल ने मारी बाजी



**अमरवाड़ा ।** विकासखंड के ग्राम गाडरवाडा जिलेहरी में सार्वजनिक पट प्रतियोगिता समिति के तत्वाधान में विशाल पट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लगभग 50 बैल जोड़ीयो ने शामिल होकर अपना प्रदर्शन किया। वही रंजीत पटेल खकरा चौरई ने प्रतियोगिता की निर्धारित दूरी को सबसे कम समय 20 सेकंड में तय करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंपालाल कुर्चे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रंजीत पटेल, द्वितीय नितिन पटेल मोरखा सहित अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश शाह की ओर से पट प्रतियोगिता समिति को 8000 की नगद राशि सहयोग निधि के रूप में अतिथियों के माध्यम से प्रदान की गई।

## रोजा इफ्तार कर मांगी अमन चैन की दुआ

**छिंदवाड़ा ।** धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि करबला चौक पर कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।आनंद बक्षी ने कहा कि इफ्तार पार्टी का आयोजन करने का मकसद लोगों में आपसी भाईचारा कायम करना है, छिंदवाड़ा के लोग होली, दिवाली सहित ईद एक दूजे के पर्वों में, सुख दु:ख में बराबर शरीक होते है, अन्य लोगों को छिंदवाड़ा की गंगा-जमुनी तहज़ीब से सीख लेने की जरूरत हैं।आनंद बक्षी ने बताया कि इफ्तार कार्यक्रम के दौरान देश-प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी, इसी के साथ ही गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, छिंदवाड़ा प्रभारी सुनील जायसवाल, आशीष त्रिपाठी, बालू स्वामी, नाजिर भाई, जमालुद्दीन लाल साहब, फ़िरोज खान, जाकिर परवेज, जेड आली, शोभी कुरैशी, नदीम अहमद, एब्नेहसन रिज़्वी, हाजी रफीक, अनेक लोगो सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया

## महाराणा प्रताप शौर्य राज्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत 2 वर्षो के प्रस्ताव आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा । ।** राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2021 एवं वर्ष 2022 के महाराणा प्रताप शौर्य राज्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं । इस योजना के अंतर्गत उल्लेखनीय साहस और वीरतापूर्ण कार्य करने वाले आवेदक एक मई तक अपने प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय की वरिष्ठ लिपिक शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष ऐसे व्यक्तियों को पुरूस्कार दिया जाता है जिन्होंने उल्लेखनीय साहस और वीरतापूर्ण कार्य किया हो । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा इस संबंध में पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के साथ ही सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों, कमिश्नर नगरपालिक निगम, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी, अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ।

# पुरानी पेंशन को लकर एक जुट हुये कर्मचारी संगठन

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन जिले के 63 कर्मचारी संघठन हुए रैली में शामिल



**छिंदवाड़ा**-मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, ( जिसमें सभी जिले के 63 कर्मचारी संगठन शामिल है,) एवं नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्य प्रदेश के संयुक्त आह्वान पर धरना एवं पेंशन संवैधानिक रैली निकालकर जिला कलेक्टर के नाम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को नियुक्ति दिनांक से पुरानी पेंशन बहाली के लिए ज्ञापन सौंपा गया। में मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश गोंडाने नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्यप्रदेश के जिला अध्यक्ष विनोद डेहरिया जिला प्रभारी अरविंद भट्ट समन्वयक ताराचंद भलावी उपाध्यक्ष रामाजी पार्टी कोर कमेटी के सदस्य सत्यभान पटेल संतोष डोंगरे सुशील डोईजड सुखदेव जी के कालका प्रसाद राज कमलेश चौराहे, पहलाद मालवीय एवं राजकुमार कवरेती द्वारा बताया गया है कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए पूरे भारतवर्ष में 16 तारीख को श्री विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष एम पी ओ पी एस के निर्देशन में सभी जिला मुख्यालयों में विशाल रैली निकालकर पुरानी पेंशन बहाली के लिए ज्ञापन गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम मे हजारों की संख्या में कर्मचारी कलेक्ट्रेट सामने स्थित ग्राउंड में एकत्रित हुए एवं विशाल रैली जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण से निकलकर बाबा साहब की प्रतिमा जहां बाबा साहब को माल्यार्पण उपरांत, रैली बस स्टैंड फव्वारा चौक होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे,जहां सामूहिक रूप से जिला प्रशासन को महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गाया। कि मध्यप्रदेश में 16.50 लाख लगभग शिक्षक, अधिकारी कर्मचारियों के लिए नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) योजना लागू है । यह नेशनल पेंशन स्कीम (एन.पी.एस.) शेयर मार्केट और एम्युटी की ब्याज दर पर आधारित है। जिसमें पेशन की कोई निश्चित गारंटी नहीं है, और ना ही इसमें प्राप्त पेंशन राशि आत्म निर्भर जीने योग्य है। कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर समुचित पारिवारिक पेंशन का प्रावधान भी नहीं है।

नेशनल पेंशन स्कीम से प्राप्त पेंशन की राशि में महगाई के साथ कोई वृद्धि भी नहीं होती है. नेशनल पेंशन स्कीम (एन. पी.एस.) योजना से सेवानिवृत्ति होने पर पांच सौ रुपये, एक हजार रूपये से लेकर तीन हजार रूपये के लगभग पेंशन राशि प्राप्त हो रही है, जिसमे आश्रित परिवार के सामने घोर वित्तीय संकट आ रहा है । अत: आग्रह है कि मध्यप्रदेश एवं केन्द्र शासन के समस्त एन.पी.एस. धारी शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों की नेशनल पेंशन स्कीम (एन. पी. एस.) योजना बंद कर मध्यप्रदेश राज्य के शिक्षको, कर्मचारियों, अधि कारियों को सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 एवं केन्द्रीय अधिकारी, कर्मचारियों को केन्द्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमावली 1972 को लागू करते हुये पुरानी पेंशन योजना ओ.पी.एस पुन बहाल की जाये । मध्यप्रदेश शासन के उपकम एवं स्वायत संस्थान सहित मध्यप्रदेश में कार्यरत नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के साथ परिष्ठता का लाभ पेंशन और ग्रेज्युटी में दिया जावे उक्त धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन रैली में हजारों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

# दिन दहाड़े चोरियों की वारदात से लोगों में आक्रोश



**सौसर ।** नगर में पुलिस प्रशासन की बेहाल व्यवस्था के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं जिसके कारण नगर में एक के बाद एक लगातार दिनदहाड़े चोरियों की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है जिससे नागरीको में भय और आक्रोश का माहोल बना हुआ है जानकारी में बता दे कि एक सप्ताह के भीतर दिन दहाड़े चार से अधिक घरों में चोरी की वारदात हुई है लेकिन एक भी मामले में पुलिस के हाथो कोई सुराग नहीं लगा है वही नगर के नागरीको का कहना है कि जब से सौसर थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण किया तब से अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगा रहा है बता दे कि विगत लंबे समय से अपनी कार्यशैली के कारण वर्तमान सौसर थाना प्रभारी विवादो से घिरे हुए है पुरानी चोरियो में भी कोई सुराग नहीं लगने से चोरी को पकड़ मामले का खुलासा करना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है सौसर थाने की सुस्त कार्यशैली को लेकर एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर ने कहा की सौसर थाने की व्यवस्था को सुधारने थाना प्रभारी और स्टॉप को निर्देश दिए गए है और गस्त को बढ़ने सहित संधिग्न व्यक्तियो पर नजर रखने कहा है वर्तमान में चोरियो के मामले में टीम बनाकर जांच की जा रही जिन्हे जल्द पकड़ने की बात कही। लेकिन सौसर पुलिस की सुस्त व्यवस्था पर नागरिकों द्वारा कई सवाल उठाए जा रहे है।

### शहर के चार घरों में दिन दहाड़े चोरी की वारदात

शहर में लगातार चोरियो की वारदात ने सौसर वासियों को चिंता में डाल दिया है जिसने पुलिस प्रशासन की शांति सुरक्षा व्यवस्था की खुलेआम पोल खोल दी है शहर में दिन दहाड़े चोरी जैसी वारदात के कारण लोगो को सतर्क सावधान और सुरक्षित रखने मजबूर कर दिया है लेकिन सौसर पुलिस अब भी सुस्त दिखाई दे रहे है विगत एक सप्ताह में चोरियो की घटना की बात करे तो पहली वारदात बेलगांव स्थित कांग्रेस विधायक विजय चोरे के घर के पीछे रेमंड में कार्यरत प्रवीण सिसोदिया के हुई है जहा दिन के समय परिवार के सदस्य चक्की पर आटा पीसने के लिए घर से बाहर गए थे तो चोरो ने ताला तोडकर दिन दहाड़े सोने, चांदी की ज्वेलरी पर हाथ साफ किया है। परिवार के अनुसार लगभग दो लाख की चोरी हुई है। जिसमे विधायक विजय चोरे ने नगर में दिन में हो रही चोरी से पुलिस की कार्यप्रणाली पर नागरिकों द्वारा सवाल उठाये जा रहे है। वही दूसरी वारदात रेलवे स्टेशन के पास वार्ड 13 निवासी प्रकाश बुले के घर सुबह 11से 12 बजे के बीच मे घर का ताला तोड़ कर मोबाइल छोड़कर गहने आभूषण सहित 2लाख के लगभग कैश फरार हुए है। तीसरा मामला गजानन कॉलोनी स्थित एक घर वाडेकर परिवार के घर चोरी की वारदात हुई वारदात में खास बात यह रही कि घर की तलाश में चोर इतने परेशान हो गए कि घर के फ्रीज से खाना और अन्य चीजे का स्वाद लेने पड़ा इससे यह पता चलता है कि चोरो को चोरी करने काफी मशक्कत करनी पड़े आखिरकार 25 हजार रुपए कैश और आभूषण लेकर फरार हो गए वही पीड़ित घर मालको ने चोरी की रिपोर्ट सौसर पुलिस थाना में की गई। वही मामले में सौसर थाना प्रभारी अमित कोरी का कहना है कि मकान मालिक के शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई वही आगे की जांच कार्यवाही जारी है लेकिन शहर में एक के बाद एक वारदात से चोर चुस्त और पुलिस प्रशासन सुस्त दिखाई दे रहा जिससे नागरीको में आक्रोश बढ़ रहा है।

### इनका कहना

नगर के बढ़ती चोरियो के मामले संज्ञान में आए है प्रखंड क्षेत्र में अपराधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए और एक टीम बनाकर जांच कर आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा।

एसडीओपी, धर्मवीर सिंह नागर

## पक्षियों के लिए जल पात्रों का वितरण



**परासिया ।** परासिया में दिन रविवार को उड़ान संस्था ने पक्षियों के लिए जल पात्रों का वितरण गांधी मोहल्ला परासिया में घर घर जाकर किया। उड़ान संस्था परासिया विगत वर्षों से ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए जलपात्रों का वितरण करती है ताकि हर घर में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की प्रेरणा जाग्रत हो सके। इस कार्य हेतु रविवार के दिन प्रमुख रुप से श्रीमती एस के बत्रा, श्रीमती अनीता अरोरा, श्रीमती नीतू भल्ला, श्रीमती लीना जैन एवं श्रीमती अर्चना गुप्ता ने सहयोग प्रदान किया।

### दिल्ली के मुख्यमंत्री से सी.बी.आई. की पूछताछ का विरोध

**छिंदवाड़ा।** आम आदमी पार्टी जिला इकाई छिंदवाड़ा द्वारा आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को भाजपा की केन्द्र सरकार के इशारे पर शराब घोटाले में जबरन आरोपी बनाकर उन्हे झूठा फंसाने के लिये सी.बी.आई. द्वारा अपने कार्यालय में बुलाकर पूछताछ करने विरोध में आज आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा स्थानीय अंबेडकर चैक पहुँचकर मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल से सी.बी.आई. की पूछताछ पर विरोध जताया । इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र विश्वकर्मा, जिला सचिव राजू पाण्डे, जिला संयुक्त सचिव सतीश राजपूत, लोकसभा अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा रिन्टू खान जिला महिला विंग अध्यक्ष, सहित जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हजारों लोग लिंगा आश्रम में भंडारे से लाभान्वित



**छिंदवाड़ा ।** परम् पूज्य संत श्री आशारामजी आश्रम लिंगा में प्रतिमाह अमावस्या के समय भंडारे का आयोजन सम्पन्न होता हैं । जिसमें लिंगा आश्रम के आसपास के ग्रामों के हजारों जरूरतमंदों को राशन , वस्त्र भोजन प्रसादी एवं अन्य जरूरत की सामग्री भेंट की जाती है। लगभग डेढ़ वर्ष से प्रति माह यह आयोजन सम्पन्न हो रहें हैं । आज लिंगा आश्रम में साध्वी रेखा बहन का सत्संग सम्पन्न हुआ । पूज्य बापूजी का 87 वां अवतरण दिवस भी मनाया गया । साध्वी बहन ने श्रद्धालु भक्तों को स्वस्थ और प्रसन्न रहने के जरूरी टिप्स दिए साथ ही अपना मन ईश्वरीय आराधना में कैसे लगे , हम सब का कल्याण कैसे हो ; यह भी बताया । आश्रम में भंडारे के अलावा समय - समय पर अन्य कई जनहितैषी सेवाकार्य सम्पन्न होतें हैं। यहां संचालित सेवाकार्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण भी उपस्थित होते हैं। आश्रम प्रबंधन द्वारा आसपास के गरीब गुरुवों के विधिवत राशन कार्ड भी बनाये गए हैं । क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रति माह इस भंडारे का इंतजार रहता है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अन्तोदय समिति के अध्यक्ष विलास घोंघे ,जिला पंचायत सदस्य ललिता घोंघे , मनोज वानखेड़े , सरपंच रूपेश कराड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे । इस दैवीय कार्य में साध्वी प्रतिमा बहन , चेतना बहन , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरूकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , सुभाष इंग्ले समिति के पुण्य आत्मा जिनका भंडारे में विशेष योगदान रहता है जिसमें दामोदर इंग्ले जानकी बहन लता ताई ,अग्रवाल अम्मा प्रमुख हैं ।

# खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर 2 वाहन ट्रेक्टर ट्राली सहित 2 ट्रेक्टर ट्राली जप्त



**छिन्दवाड़ा1 अप्रैल( जनपक्ष )।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर आज प्रातः 4 बजे खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के संबंध में परासिया, छिंदवाड़ा और चांद-चौरई क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान 2 वाहन ट्रेक्टर ट्राली सहित 2 ट्रेक्टर ट्राली जप्त कर संबंधित थाने की अभिरक्षा में रखी गई । खनि निरीक्षक सुश्री स्नेहलता ठवरे ने बताया कि छापामार कार्रवाई के दौरान कपरवाड़ी व छिंदवाड़ा में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक वाहन जिसका ट्रेक्टर ट्राली नंबर स्क्र२४ष्ट3307 है, को बगैर किसी वैधानिक अनुमति के खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर इसे जप्त कर धरमटेकड़ी चौकी में शासकीय अभिरक्षा में सौंपा गया। इसी प्रकार चांद तहसील के ग्राम बांसखेड़ा में खनिज रेत का अवैध भंडारण करते हुये एक वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली बिना नंबर और बांसखेड़ा स्थित पेंच नदी घाट पर खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुये 2 वाहन ट्रैक्टर ट्राली बिना नंबर के जप्त कर थाना चांद की शासकीय अभिरक्षा में सौंपा गया। यह कार्रवाई खनि निरीक्षक सुश्री ठवरे के साथ मैदानी अमले सर्वश्री देवानंद सूर्यवंशी, बाबूलाल इनवाती व देवेंद्र शर्मा द्वारा की गई ।

## काम्बिंग रात्रि गश्त में की गई प्रभावी कार्यवाही

**छिंदवाड़ा ।** जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की निरंतर धरपकड़ एवं अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्ति व अपराधियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने तथा जिले में कानून व्यवस्था व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु दिनांक 15-16/01/2023 को पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री विनायक वर्मा महोदय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव उईके महोदय के निर्देशन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर एक ही रात्रि के दौरान जिले के स्थाई वारंटी गिरफ्तारी वारंटियों एवं गुंड़ा बदमाश, निगरानी बदमाश की चैकिंग, गुम इंसान की दस्तयाबी, कबाडियों की चैकिंग तथा आबकारी एक्ट के विरूद्ध औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर एक ही रात्रि में 23 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी, 115 गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी, 174 गुंड़ा बदमाशों की चैकिंग, 114 निगरानी बदमाशों की चैकिंग, 07 गुम इंसानों की दस्तयाबी, 60 कबाडियों की चैकिंग व आबकारी एक्ट के विरूद्ध 24 प्रकरण में कुल 270 लीटर अवैध शराब जप्ती किया गया ।

## जनजाति समाज का लगातार अपमान कर रही कांग्रेस माफी मांगे: अंकुर शुक्ला

### रानी कमलापति के अपमान पर नगर भाजपा ने किया नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन



**छिंदवाड़ा ।** आदिवासी समाज की अंतिम साम्राज्ञी रानी कमलापति के अपमान पर नगर भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि गोंड साम्राज्य की अंतिम साम्राज्ञी रानी कमलापति को अपशब्द कहने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा पुराना नरसिंहपुर नाका चौक पर कांग्रेस के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ से आदिवासी समाज से माफी मांगने की मांग की गई। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कभी कांग्रेस के नेता देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज से आने वाली महिला महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी का अपमान करते हैं ,इस बार कांग्रेसियों द्वारा गोंड साम्राज्य की अंतिम साम्राज्ञी रानी कमलापति का अपमान किया गया जो कि कांग्रेस की आदिवासी एवं महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक है । 75 वर्षों में देश में कांग्रेस ने आदिवासी समाज को मान सम्मान नहीं दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद लगातार आदिवासी समाज को सम्मान देने का काम किया जा रहा है,चाहे वो भगवान बिरसा मुंडा को महिमामंडित करने का काम हो,जनजातीय समाज से आने वाली महिला श्रीमती द्रौपदी मुरमू को देश के राष्ट्रपति बनाने की बात की जाए या प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा आदिवासी समाज की रानी कमलापति के नाम पर भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नामकरण उनके नाम पर कर उन्हें सम्मान देने की बात हो, लेकिन कांग्रेस लगातार आदिवासी समाज के विरोध में बातें कर अपनी आदिवासी एवं महिला विरोधी विचारधारा का परिचय दे रही है । इस अवसर पर भाजपा नेताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा आदिवासी समाज से माफी मांगने की भी मांग की गई एवं नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, मण्डल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, सोमू सेंगर, भारत गई, माइकल पहाड़े, बलराम साहू,नीरज भारद्वाज, सुशील चौधरी, इंद्रजीत सिंह पटेल, आदिवासी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कमलेश कवरेती, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अनुज मल्होत्रा, जीत सिंह ठाकुर, कुंदन मिगलानी, संजू रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए

## भरतनाट्यम पर 10 दिवसीय कार्यशाला 18 से 27 अप्रैल तक विद्यानिकेतन में होगी



**छिंदवाड़ा ।** राष्ट्रीय भरतनाट्यम नृत्य संस्था कलाक्षेत्र चेन्नई से पारंगत छिंदवाड़ा के भरतनाट्यम नृत्य गुरु अमित डोले द्वारा एक भव्य भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला स्थानीय विद्या निकेतन स्कूल छिंदवाड़ा में 18अप्रैल से 27 अप्रैल 2023 तक आयोजित की जा रही । यह वर्कशॉप दो स्तरों, बिगनर्स और एडवांस बैच में विभाजित है। भरतनाट्यम नृत्य के साथ नृत्य का मूल सिद्धांत , संगीत का बुनियादी ज्ञान , ताल का बुनियादी ज्ञान तथा नृत्य से जुड़ी पौराणिक कथा और मंदिरों का बुनियादी ज्ञान के साथ-साथ डांस से पहले और बाद में वार्म-अप , वार्म-डाउन और फ्लैक्सिबिलिटी एक्सरसाइज का सही तरीका सिखाया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।कार्यशाला समाप्ति के बाद कला संगम नृत्य महोत्सव 2023 का आयोजन छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। जिसमें पद्मश्री कलाकार लीला सैमसन एवं अन्य राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर के नृत्य गुरु भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति देंगे। भरतनाट्यम सीखने के इच्छुक प्रतिभागी इस अवसर का लाभ उठाने हेतु तत्काल कार्यशाला हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करावें। रजिस्ट्रेशन हेतु कृति भट्ट, महाराजा टेंट हाउस के पास में, प्रथम बिहार के पीछे, न्यू पहाड़े कॉलोनी छिंदवाड़ा मोबाइल नंबर 7987 15 9919 एवं 8109356837 पर संपर्क करें।

## शिवमहापुराण कथा में उमड़ रहा श्रोताओं का जनसैलाब

**मोहगांव हवेली / सौंसर ।** अर्ध नारीश्वर ज्योतिर्लिंग की नगरी मोहगांव हवेली के गुजरी चौक में चल रहे सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रोताओं का जनसैलाब उमड़ रहा हैं। विगत सोमवार को शिवमहापुराण ग्रंथ शोभायात्रा के साथ शुरू हुए शिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का समापन आगामी सोमवार 17 अप्रैल को रुद्र स्वाहाकार यज्ञ एवं महाराष्ट्र के किर्तन चुडामणी अलंकार से अलंकृत सुप्रसिद्ध किर्तनकार मुकुंदबुवा देवरस इनके श्रीमुख से दहीलाही, गोपालकाला हरिकिर्तन के साथ होगा। शिवमहापुराण कथा व्यास तिरथ उपाख्य दादा महाराज ( उज्जैन ) द्वारा शिवमहापुराण में वर्णित कथाओं सुंदर वर्णन किया किया जा रहा हैं। उसी प्रकार कथा प्रसंगानुसार सुंदर झांकियों का चित्रण भी किया जा रहा हैं। कल श्रीगणेश जन्म प्रसंग की झांकी में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. गोपाल वंजारी ने शिव की भूमिका एवं हाईस्कूल प्रिंसिपल श्रीमती ममता वंजारी ने मां पार्वती की भूमिका निभाई तो तुलसी प्रसंग में उमेश घोड़े ( पांढुरना ) ने भगवान विष्णु एवं जालंधर की भूमिका प्रणव तांदुलकर ( नागपुर ) ने निभाई। कार्यक्रम के आयोजक नामदेवराव वैद्य ने कार्यक्रम में अधिक संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम का पुण्यलाभ लेने की अपील की हैं।

# श्री भक्तांम्बर विधान होगा, श्रीजी का निकलेगा चल समारोह, होंगे विविध अनुष्ठान

## श्री पार्श्वनाथ जिनालय का तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव 19 से



**छिन्दवाड़ा/सिंगोड़ी ।** जिले की धर्म नगरी सिंगोड़ी में बने मनोहारी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जिनालय का तीन दिवसीय 7 वां वार्षिक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ 19, 20 एवं 21 अप्रैल को भक्ति भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा।मंगल महोत्सव की जानकारी देते हुए जिनशासन सेवक दीपकराज जैन ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव बाल ब्रह्मचारी श्रेणीकजी जैन जबलपुर, पण्डित रिषभकुमारजी शास्त्री छिन्दवाड़ा एवं पण्डित अनुभवजी शास्त्री करेली के साथ त्यागी व्रती ब्रह्मचारणी बहनों सहित विध्वतगणों, श्रेष्ठिगणों, श्रावक - श्राविकाओं की विशेष उपस्थिति में संम्पन्न होगा।जिनालय ट्रष्ट अध्यक्ष इंद्रकुमार जैन ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव में मंगल कलश शौभायात्रा, ध्वजारोहण, श्री जिनेन्द्र पूजन एवं श्री भक्तांम्बर विधान के साथ अतिथि विद्वानों के मंगल प्रवचनों सहित श्रीजी का भव्य चल समारोह, भक्ति एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रात:, दोपहर एवं रात्रि तीनो समय किया जावेगा।

### मंगल शांति विधान हुआ

7 वें वार्षिक महोत्सव की खुशी में रविवार को श्री पार्श्वनाथ जिनालय में भक्ति भाव पूर्वक मंगलगान के साथ श्री मंगल शांति विधान का आयोजन श्रीमती शैली सारांश जैन डिप्टी कलेक्टर कोडरमा परिवार द्वारा किया गया। जिसमें ऋषभ शास्त्री, दीपकराज जैन, वर्धमान जैन, विवेक जैन, सचिन जैन ने जिनशासन के सुमधुर मंगलगान कर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की यांदे ताजा कर दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक - श्राविकाओं ने वीतरागी देव - निर्ग्रन्थ दिगम्बर महामुनिराज सहित माता जिनवाणी की पूजन कर उनका गुणानुवाद करते हुए चँबर नृत्य कर अपनी मंगल भावना प्रगट की।इस अवसर पर नगर की गौरव सभी ब्रह्मचारणी बहनों सहित राकेश जैन, नवीन जैन, शिखरचंद जैन, लोकाश जैन, ऋषभ जैन, दीपकराज जैन, जित्तू जैन, निशंक जैन, पिंटू जैन, सजल शास्त्री, राहुलराज जैन, आदेश जैन, रविराज जैन, सुमित जैन सहित बड़ी संख्या में जिनवाणी तत्वरसिक साधर्मीगण उपस्थित रहे। सभी ने विधान का लाभ लेकर सकल जैन समाज सहित जिले वासियों से तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

# प्रदीप मिश्रा और धीरेंद्र शास्त्री की कथा से इन किसानों को हुआ भरपूर फायदा, बदल गई किस्मत

**भोपाल।** विश्व प्रसिद्ध सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा और बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की इन दोनों लोकप्रियता काफी बढ़ गई है। धीरेंद्र शास्त्री और पंडित प्रदीप मिश्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। उसी तरह इनके धाम के आसपास की जमीनों की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।



**मध्य प्रदेश में स्थित है यह दो प्रसिद्ध धाम–** बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री जिनका बागेश्वर धाम मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित है। वही पंडित प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम सीहोर जिले में स्थित है। यह दोनों ही धाम काफी विश्व प्रसिद्ध है। इन धाम में बड़ी संख्या में भक्तों पहुंचते हैं कुछ दिन पहले ही पंडित प्रदीप मिश्रा के कमलेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण के दौरान भगदड़ सी मच गई थी । जिसमें पंडित प्रदीप मिश्रा ने काफी सुर्खियां बटोरी थी ।ऐसे ही छतरपुर के बाबा धीरेंद्र शास्त्री जोकि अपनी काफी लोकप्रियता के वजह से सुर्खियां बटोर रहे हैं ।



## इन धाम से चमकी किसानों की किस्मत

सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम सीहोर जिले में स्थित है जिस जगह पर यह धाम स्थित है उसके नजदीक ही चितावलिया हेमा गांव है। 3 साल पहले यह गांव बहुत ही साधारण सा था, लेकिन जब से पंडित प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम बना है तब से यह गांव भी प्रसिद्धि की ओर बढ़ता जा रहा है। इसमें सबसे अधिक योगदान सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा का रहा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पहले इस गांव की जमीन की कीमत 8 से 10 लाख रुपए प्रति एकड़ थी, लेकिन जब से यह गांव चर्चा में आया है। तब से इस गांव की प्रति एकड़ जमीन की कीमत 10 लाख से 80 लाख या यूं कहें कि एक करोड़ तक पहुंच गई है।

इसी तरह बात करते हैं छतरपुर के गढ़ा गांव स्थित है यह गांव जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर की दूरी पर है अब इस गांव में निवास करने वाले किसानों की किस्मत चमक गई है। इसी गांव में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बागेश्वर धाम स्थित है बागेश्वर धाम की लोकप्रियता बढ़ने की वजह से इस गांव में जमीन की कीमत ने भी बढ़ोतरी हो गई है। पहले इस गांव की जमीन की कीमत 2 लाख रुपए प्रति एकड़ थी लेकिन अब 10 से 12 लाख रुपए प्रति एकड़ हो गई है। साथ ही इस गांव में जमीन की कीमत बढ़ने के साथ ही रोजगार भी उपलब्ध हो रहे हैं लोगों ने अपने कच्चे पक्के घरों को लॉज और होटल बना दिए हैं जिससे रोजाना वहां 1000 और 2000 का किराया लेते हैं। लोग इसमें अपने परिवार के साथ रुक सकते हैं ।वही बाहर से आने वाले लोगों से 100 रुपए से 200 रुपए स्नान के लिए लिए जाते हैं।

## कमलेश्वर धाम के आसपास की जमीन की कीमत बढ़ी

इन दोनों धामों के पास भले ही किसी भी तरह का विकास नहीं हुआ हो लेकिन इनके आसपास की जमीन की कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ऐसा माना जा रहा है कि इन दोनों धर्मों के आसपास की जमीन की कीमत बढ़ने से किसानों की किस्मत चमक गई है। किसानों की जमीन की कीमतों में 10 लाख रुपए से लेकर 80 लाख रुपए तक की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

# ऐसा मंदिर , जहां भगवान की नहीं रायल एनफील्ड बुलट की होती है पूजा

**भोपाल।** भारत धर्म प्रधान देश है और यहां पर हिंदू धर्म में कई मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। हिंदू धर्म में भगवान के प्रति भक्तों में काफी आस्था देखी जाती है। भारत एक ऐसा देश है जहां पर पत्थरों को भी भगवान मानकर पूजा की जाती है। कई ऐसे प्राचीन मंदिर है जहां पर देश-विदेश से लोग अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। उन्हीं में से आज हम आपको एक ऐसे मंदिर की बारे में बताएंगे जिसकी परंपरा और पूजा करने का तरीका बहुत ही अलग है।

दरअसल हिंदू धर्म में अनेकों मंदिर है और इन मंदिरों में पूजा करने के रीति रिवाज अलग है। ऐसे में हम आपको



राजस्थान में स्थित एक ऐसे विश्व प्रसिद्ध मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। इस मंदिर में देवी देवताओं की पूजा नहीं की जाती है बल्कि यहां पर एक बुलेट की पूजा की जाती है आप सोच रहे होंगे। भला बुलेट की पूजा कैसे की जाती होगी लेकिन इस बात को आपको मानना पड़ेगा। इस मंदिर में बुलेट की पूजा करने के लिए भक्तों का जनसैलाब भी देखने को मिलता है। जिस तरीके से लोग भगवान के मंदिर में मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। उसी तरह इस मंदिर में भी अपनी मनोकामना लेकर हजारों भक्त आते हैं।

## इस जगह स्थित है ओम बन्ना धाम

राजस्थान में स्थित बुलेट बाबा का मंदिर जिसे ओम बन्ना धाम कहा जाता है। इस मंदिर में देवी देवता की नहीं बल्कि बुलेट बाबा की पूजा की जाती है। यह मंदिर राजस्थान के जोधपुर से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चोटिला गांव में है। इस मंदिर को जोग सिंह राठौर ने करीब 30 साल पहले निर्माण करवाया था । आखिर इस मंदिर में देवी देवताओं की जगह बुलेट की पूजा क्यों की जाती है इसके बारे में हम आपको विस्तार से बताते हैं।

## जानिए बुलेट बाबा के पीछे की कहानी

दरअसल बुलेट बाबा मंदिर के पीछे एक सड़क हादसे में छुपी कहानी है। इस मंदिर का निर्माण 30 साल पहले जिस जोग सिंह राठौर ने करवाया था। उनके बेटे ओम सिंह राठौर की सड़क हादसे में जान चली गई थी । इसके बाद पुलिस ने सड़क हादसे में मृत ओम सिंह राठौर और उनकी बुलेट को अपनी गिरफ्त में रख लिया था, लेकिन हादसे के अगले दिन बाद ही अचानक थाने से बुलेट कहीं गायब हो गई थी। पुलिस ने काफी इसकी खोजबीन की तो बुलेट जिस जगह पर हादसा हुआ था।

वहीं पर मिली पुलिस ने बुलेट को लाकर थाने में खड़ा कर दिया और जब उसकी निगरानी की तो पता चला कि बुलेट अपने आप स्टार्ट होकर वापस उसी स्थान पर पहुंच गई। इस घटना के बाद लोग हैरत में पड़ गए वही पुलिस भी इस मामले को लेकर हैरान हो गई थी। इस तरह की घटना से ओम सिंह राठौर के नाम पर ओम बन्ना धाम का मंदिर स्थापित हुआ तब से लेकर आज तक उसी बुलेट की पूजा एक मंदिर में रखकर की जाती है और आज यह मंदिर विश्व प्रसिद्ध है यहां पर दूर-दराज से लोग इस मंदिर में पहुंचते हैं।

# कर्मचारी मंच ने ओ पी एस के समर्थन में न्याय मार्च निकाला




**भोपाल।** पुरानी पेंशन बहाली ओ पी एस की मांग के समर्थन में आज मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने दोपहर 12:00 बजे 12 दफ्तर प्रांगण जवाहर चौक भोपाल में ओ पी एस न्याय मार्च निकाला और सरकार से शीघ्र पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस को बहाल करने की पुरजोर मांग करी ओ पी एस न्याय मार्च में कर्मचारी नेता अशोक पांडे सुनील पाठक श्याम बिहारी सिंह शिवप्रसाद सांगुले लव प्रकाश पाराशर हरि सिंह गुर्जर सत्येंद्र पांडे प्रेम नारायण सिंह भगवानदास बिल्लोरे प्रीतम मेहर श्याम लाल विश्वकर्मा भानु प्रताप सिंह थावरिया भील भूपेंद्र पांडे चांद सिंह आदि सैकड़ों कर्मचारी शामिल थे।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि पूरे प्रदेश के 5:50 लाख कर्मचारी राज्य सरकार से न्यू पेंशन योजना एनपीएस को वापस लेकर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस को लागू करने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं एनपीएस धारक कर्मचारी ओ पी एस की मांग के समर्थन में धरना प्रदर्शन आंदोलन ज्ञापन के बड़े कार्यक्रम आयोजित कर चुके हैं लेकिन राज्य सरकार ओ पी एस की मांग को संज्ञान में नहीं ले रही है आज पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में ओ पी एस की मांग के समर्थन में प्रदर्शन करके सरकार से न्याय मार्च के माध्यम से पुरजोर मांग करी गई है कि सरकार बुढ़ापे की लाठी कर्मचारियों को देने का काम करें पुरानी पेंशन योजना लागू करें एनपीएस वापस ले पुरानी पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन राज्य सरकार ना करें कर्मचारी न्याय मार्च में नारे लगा रहे थे कि जो ओ पी एस बहाल करेगा वही प्रदेश में राज करेगा, एनपीएस हाय हाय ओ पी एस जिंदाबाद, कर्मचारियों ने न्याय मार्च के बाद सभा में ऐलान किया है कि जब तक सरकार ओ पी एस को लागू नहीं कर देगी कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन सरकार के सामने करते रहेंगे।

# मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में छाए बादल, कुछ जगहों पर बूंदा-बांदी के आसार



**भोपाल।** वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास ट्रफ के रूप में बना हुआ है। राजस्थान में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात अभी भी मौजूद है। झारखंड से लेकर केरल तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इसके अतिरिक्त उत्तरङ्कपश्चिमी मध्य प्रदेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बन गया है।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अलगङ्कअलग स्थानों पर बनी चार मौसम प्रणालियों के असर से प्रदेश में हवाओं के साथ नमी आ रही है। इस वजह से प्रदेश के अधिकतर जिलों में आंशिक बादल छाए हुए हैं। देर शाम को भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के कुछ जिलों में बूंदा-बांदी हुई हालांकि बौछारें दर्ज नहीं की गई।

आगामी 24 घंटे में इसके असर से जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदा-बांदी हो सकती है। प्रदेश में मौसम के मिजाज में जो परिवर्तन आया है उसके असर से अगले दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे। प्रदेश में रविवार को अधिकतम तापमान खजुराहो में 42.4 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि, अरब सागर से आ रही नमी के चलते बादल बने हुए लेकिन यह बादल मध्यम और उंचाई पर बने हैं, इसके असर से तापमान में गिरावट नहीं आ रही है। ऐसे में हो यह रहा है कि अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े लिहाज से बढ़त होनी चाहिए वह नहीं हो रही है। तापमान करीब-करीब स्थिर बने हुए है वहीं एक- दो डिग्री का ही बढ़त हो रही है।

## हवाएं पश्चिमी, लेकिन गर्म नहीं

हवाएं उत्तर पश्चिमी हैं। हवाएं राजस्थान से आ रही है लेकिन वहां भी तापमान ऊंचा नहीं है, ऐसे में पश्चिमी हवाएं होने के बावजूद तापमान नहीं बढ़ रहा है। जबकि उड़ीसा, झारखंड में कई जगहों पर लू के हालात बन रहे हैं। वर्तमान में बनी मौसम प्रणालियों सहित इस पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर स्थानों में बादल छाएं रहेंगे, इससे अधिकतम तापमान में लगातार हो रही बढ़त थमेगी।

## खरीफ फसल ऋण चुकाने की समय सीमा 30 अप्रैल तक



**भोपाल।** खरीफ फसल का ऋण चुकाने की समय अवधि 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई है । यह निर्णय किसानों के आग्रह पर लिया गया है। राज्य शासन द्वारा समय-सीमा में वृद्धि से 60 करोड़ रूपये का अतिरिक्त ब्याज भार आएगा, जिसका भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रभावित किसानों के फसल बीमा योजना के प्रकरण बन जाएँ और किसानों को योजना का लाभ समय रहते मिले। प्रभावित किसानों से वसूली स्थगित करने का फैसला भी लिया गया है, उसका ब्याज भी राज्य शासन द्वारा भरा जाएगा। इससे किसानों को अगली फसल के लिए जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिल सकेगा।

## आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करें: कलेक्टर




**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियो की टी एल बैठक ली। सभी अधिकारियो को निर्देश दिए कि आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। सीएम हेल्पलाइन में सभी आए आवेदन अधिकारियो को जानकारी में होना आवश्यक है।

## महिला संविदा कर्मचारियों को 6 महीने का प्रसूति अवकाश तथा 2 साल की चाइल्ड केयर लीव मिले मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सभी विभागों में महिला संविदा कर्मचारी अधिकारी कार्यरत हैं, अनेक महिला संविदा कर्मचारियों अधिकारियों की यह पीड़ा थी कि उन्हें 3 महीने का प्रसूति अवकाश दिया जा रहा है तथा नियमित महिला कर्मचारियों की तरह 2 साल की चाइल्ड केयर लीव की भी आवश्यकता है लेकिन उन्हें नहीं दिया जा रहा है । 5 जून 2018 की संविदा नीति मैं संविदा महिला कर्मचारियों के लिए 3 महीने का प्रसूति अवकाश का उल्लेख है जबकि नियमित महिला के कर्मचारियों को 6 महीने का प्रसूति अवकाश तथा 2 साल का संतान पालन अवकाश अर्थात चाइल्ड केयर लीव दी जाती है । संविदा महिला कर्मचारियों के साथ यह भेदभाव है तथा अन्याय है। जब एक समान काम है तो एक समान सुविधाएं तथा वेतन भी होना चाहिए, इसको लेकर मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रमेश चंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

## छात्रा के साथ रेस्टोरेंट में दो युवकों को देखकर विवाद, थाने पर पथराव, 144 लगाई गई

**खंडवा। संवाददाता।** रविवार देर रात जिले के मोघट थाने पर पथराव की घटना हुई। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग समाज की एक छात्रा को लेकर थाने पहुंचे। छात्रा ने रविवार दोपहर समाज के ही कुछ लोगों पर मारपीट का केस कराया था, इसके बाद लोग पार्षद के साथ उसे दोबारा थाने लेकर पहुंचे और दूसरे पक्ष के दो युवकों पर केस दर्ज करने का दबाव डाला। इसी बीच पार्षद समर्थकों ने पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा। धारा 144 लगा दी गई है।

पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच आनंदनगर स्थित एक कैफे में 10वीं की छात्रा माता चौक में रहने वाले अपने टीचर सत्यम कुमार वर्मा और परिचित अतुल यादव के साथ रेस्टोरेंट में जूस पी रही थी। पीड़ितयुवक ने बताया कि छात्रा को देखकर मुस्लिम समाज के कुछ लोग मुंह पर कपड़ा बांध वहां पहुंचे। उन्होंने छात्रा का नाम और पता पूछा और हड़काने लगे। छात्रा हड़बड़ाहट में नाम-पता बताने में डर गई। छात्रा से पूछा कि यहां क्यों बैठी हो, तो उसने कहा कि ये हमारा आपसी मामला है। उसने बताया कि इनमें से एक हमारे टीचर हैं, दूसरे परिचित हैं। लेकिन, वे लोग नहीं माने और बुरी तरह मारपीट करने लगे। मारपीट के शिकार हुए टीचर सत्यम ने उन्हें बताया भी कि छात्रा उनकी स्टूडेंट है। उसका बर्थडे आने वाला है और वह पढ़ाई के लिए कुछ दिन बाद मुंबई जाने वाली है, इसलिए रेस्टोरेंट में पिज्जा खाने और जूस पीने आए हैं, आप लोग गलत समझ रहे हो। आरोपियों ने उनकी बात नहीं मानी।

# तीन मई से 10 हजार डाक्टर करेंगे हड़ताल, नर्सिंग स्टाफ भी देगा साथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के लगभग 10 हजार से अधिक डाक्टर तीन मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। इसमें उनका साथ नर्सिंग स्टाफ भी देगा, ऐसे में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बिगड़ना तय है। दरअसल अपनी मांगे पूरी न होने से प्रदेशभर के डाक्टर नाराज चल रहे हैं इससे वह फिर से आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए रविवार को इंदौर शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी 52 जिला अस्पतालों, 19 मेडिकल कालेज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में महासंघ के सचिव डा. राकेश मालवीय ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के प्रतिवेदन के आदेश निकालने में शासन के अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इसी वजह से महासंघ द्वारा फिर से आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि डाक्टरों द्वारा 17 फरवरी 2023 मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के कहने पर यह आंदोलन स्थगित कर दिया गया था। उसी दिन निर्मित उच्च स्तरीय समिति को एक महीने में अपना प्रतिवेदन मुख्यमंत्री को देना था तत्पश्चात उच्च स्तरीय समिति के प्रतिवेदन पर त्वरित शासन के आदेश निकालने की बात पर आंदोलन स्थगित किया गया था लेकिन दो महीने बाद भी कोई आदेश नहीं निकले गए हैं। हालांकि महासंघ ने प्रतिवेदन को लागू कर आदेश निकालने के लिए शासन को दो सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार से प्रतिदिन वादा स्मरण दिवस मनाया जाएगा और कार्य बंद आंदोलन की दिनांक प्रशासन को बताई जाएगी।





**भोपाल।** आज शहर में महापौर मालती राय ने निगम के 3 कार्यक्रम शामिल हुई जिसमें पी × टी चौराहा स्थित संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती पर माल्या अर्पण की इस मौके पर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी पार्षद आरती अनेजा एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। वार्ड 50 लक्ष्मण नगर मे 25 लाख से मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का जीर्णोधार का पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी पार्षद सुषमा वविषा की उपस्थिति में भूमिपूजन किया साथ ही वार्ड 49 श्च -7 लाला लाजपत राय अरेरा कॉलोनी में 11 लाख 70 की लागत पार्षद निधि से पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह पूर्व सांसद आलोक संजर पर्षद बाबूलाल यादव पार्षद सुषमा बावीसा की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया।